Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 29 | शुक्रवार, 30 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### एआई पर पीएम मोदी का मास्टरप्लान

## Tech Giants से बोले- भारत को ग्लोबल अब बनाएं

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई क्षेत्र के सीईओ और विशेषज्ञों से भारत को वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एक प्रमुख केंद्र बनाने का आह्वान किया, जिसमें एक पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित इकोसिस्टम के विकास पर जोर दिया गया। उन्होंने यूपीआई की सफलता का उदाहरण देते हुए डेटा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में कार्यरत मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और विशेषज्ञों से बातचीत की और इस बात पर जोर दिया कि एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की



आवश्यकता है जो 'पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित' हो। उन्होंने एआई के नैतिक उपयोग पर भी कोई समझौता न करने की बात कही और प्रमुख क्षेत्रों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान किया। 7, लोक कल्याण मार्ग (एलकेएम) स्थित

अपने कार्यालय में हुई इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने सीईओ से भारत को वैश्विक एआई प्रयासों के लिए एक 'उपयुक्त केंद्र' बनाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से अपनी तकनीकी क्षमता का प्रदर्शन किया है और इसे एआई के क्षेत्र में भी दोहराया जा सकता है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने डेटा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने यह भी अपील की कि भारत में एआई इकोसिस्टम देश के चरित्र और मूल्यों को प्रतिबिंबित करे, साथ ही एआई कौशल विकास और प्रतिभा निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## क्यूबा को तेल देने वालों पर टैरिफ लगाएगा अमेरिका, ट्रंप ने पूरी दुनिया को दी धमकी

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप क्यूबा की कम्युनिस्ट सरकार को बदलना चाहते हैं। इसके लिए ट्रंप ने एक बड़ा एलान किया है। ट्रंप ने क्यूबा को तेल देने वाले देशों के खिलाफ टैरिफ लगाने की बात कही है।

डोनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी प्रशासन को निर्देष दिए हैं कि उन देशों के सामान पर टैरिफ लगाया जाए, जो क्यूबा को तेल बेच रहे हैं। ट्रंप ने इसके लिए एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर भी साइन कर दिए हैं, जिससे यह पता लगाया जाएगा कि कौन-कौन से देश क्यूबा को तेल बेच रहे हैं। ट्रंप ने ऑर्डर में लिखा, 'क्यूबा की सरकार ने ऐसे असाधारण कदम उठाए हैं जो यूनाइटेड स्टेट्स को नुकसान पहुंचाते हैं और खतरा पैदा करते हैं।' इस ऑर्डर में आगे कहा गया, 'क्यूबा की यह सरकार कई



दुश्मन देशों, ट्रांसनेशनल आतंकवादी ग्रुप्स और यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ बुरे काम करने वालों के साथ मिली हुई है और उन्हें सपोर्ट करती है।' ट्रंप के ऑर्डर के बाद मेक्सिको पर भी नया अमेरिकी दबाव आएगा। हाल के सालों में यह क्यूबा को तेल सप्लाई करने वाला मुख्य विदेशी सप्लायर बन गया है, क्योंकि दक्षिण अमेरिकी देश के आर्थिक संकट के बीच वेनेजुएला से शिपमेंट कम हो गए थे। ब्लूमबर्ग न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस महीने की शुरूआत में डॉक्यूमेंट्स में देखा गया कि मेक्सिको भी कैरेबियन द्वीप को कच्चे तेल का शिपमेंट भेजने की योजनाओं से पीछे हट गया था। अमेरिका की ये धमकी सीधे तौर पर मेक्सिको के लिए है, जो उसका सबसे बड़ा तेल सप्लायर है।

## इंस्टाग्राम से गायब हुआ विराट कोहली का अकाउंट, सर्च करने पर नहीं दिख रही प्रोफाइल




**नई दिल्ली।**

पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट अचानक गायब हो गया है। सर्च करने पर उनकी प्रोफाइल दिखाई नहीं दे रही, जिससे फैंस में हैरानी की स्थिति बन गई है। फिलहाल, विराट या उनकी टीम की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार क्रिकेटर विराट कोहली का इंस्टाग्राम अकाउंट गुरुवार-शुक्रवार की देर रात अचानक गायब हो गया।

## यूक्रेन युद्ध में बड़ा कदम, रूस ने जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आने का दिया न्योता

**नई दिल्ली।**

अमेरिका की मध्यस्थता में चल ही संघर्ष विराम की कोशिशों का कुछ असर होता दिख रहा है।

दरअसल रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को बातचीत के लिए मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है। वहीं ट्रंप ने बताया है कि उन्होंने पुतिन को कीव पर एक हफ्ते तक हमले न करने को कहा है, जिस पर पुतिन ने सहमति भी दे दी है। हालांकि अभी तक रूस की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रूस ने अमेरिका की मध्यस्थता में यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के प्रयास के




बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को शांति वार्ता के लिए मॉस्को आने का निमंत्रण दिया है। क्रेमलिन ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। दोनों देशों के बीच यह संघर्ष लगभग चार वर्षों से जारी है। क्रेमलिन की ओर से यह भी बताया गया कि रूस और यूक्रेन ने युद्ध में मारे गए सैनिकों की अदला-बदली का एक और चरण पूरा किया है। हालांकि, दोनों देशों के बीच ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने को लेकर किसी सहमति की अटकलों पर रूस ने टिप्पणी करने से इन्कार किया। पिछले सप्ताहांत अबूधाबी में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत से शांति प्रयासों को कुछ गति मिली है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच मतभेद अब भी बने हुए हैं। मोर्चे पर लड़ाई जारी है और हालिया मिसाइल हमलों से यूक्रेन को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## आर्थिक सर्वेक्षण : एथेनाल मिश्रण से विदेशी मुद्रा की बचत, मगर खाद्य सुरक्षा पर संकट

**नई दिल्ली।**

आर्थिक सर्वेक्षण (2025-26) के अनुसार, भारत का एथेनाल सम्मिश्रण कार्यक्रम ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बनकर उभरा है। अगस्त 2025 तक, इस पहल ने 1.44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी मुद्रा बचाई है और लगभग 245 लाख मीट्रिक टन कच्चे तेल को प्रतिस्थापित किया है। हालांकि, सर्वेक्षण ने आगाह किया है कि एथेनाल उत्पादन के लिए मक्का पर बढ़ती निर्भरता देश की खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रही है। सरकार द्वारा मक्का-आधारित एथेनाल के




लिए दी जा रही अनुकूल मूल्य निर्धारण नीतियों के कारण किसान अन्य फसलों को छोड़कर मक्के की ओर रुख कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2022 से 2025 के बीच मक्का-आधारित एथेनाल की कीमतों में 11.7 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि देखी गई, जो चावल या शीरे की तुलना में अधिक है।

### ट्रंप की नई धमकी

## कनाडा पर बढ़ाएंगे टैरिफ, क्यूबा को तेल देने वाले देशों पर भी शुल्क लगाने की चेतावनी

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस नए बयान से संकेत मिलता है कि अमेरिका-कनाडा व्यापार संबंधों में तनाव और गहराने वाला है, खासकर विमानन क्षेत्र में, जो दोनों देशों के लिए आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। वहीं, क्यूबा को लेकर जारी धमकी से मैक्सिको पर दबाव बढ़ने की संभावना है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कनाडाई विमानों पर 50 फीसदी और क्यूबा को तेल देने वाले देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी। डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ अपने व्यापारिक रुख को और सख्त करते हुए चेतावनी दी कि अमेरिका में बेचे जाने वाले कनाडाई विमानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। यह कदम अमेरिका और कनाडा के बीच जारी व्यापार युद्ध में ताजा बढ़ोतरी माना जा रहा है, जो ट्रंप और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच बढ़ते टकराव के बीच सामने आया है। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत क्यूबा को तेल बेचने या आपूर्ति करने वाले देशों से आने वाले किसी भी सामान पर शुल्क लगाया जाएगा।




### कनाडा ने क्या किया, जो भड़के ट्रंप?

- कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी वाले अपने बयान में ट्रंप ने कहा कि यह कदम कनाडा की ओर से जॉर्जिया के सवाना स्थित गल्फस्ट्रीम एयरोस्पेस द्वारा बनाए गए विमानों के प्रमाणन से इनकार के जवाब में उठाया जा रहा है।
- उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हालात में तुरंत सुधार नहीं किया गया, तो अमेरिका कनाडा से आयात होने वाले सभी विमानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाएगा।
- ट्रंप ने यह भी कहा कि इसके जवाब में अमेरिका कनाडा के सभी विमानों का प्रमाणन रद्द कर सकता है, जिसमें बॉम्बार्डियर के विमान भी शामिल होंगे।
- इससे पहले, ट्रंप ने सप्ताहांत में कनाडा के खिलाफ 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी, यदि उसने चीन के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को आगे बढ़ाया।
- हालांकि, उस धमकी में भी टैरिफ लागू करने की समय-सीमा स्पष्ट नहीं की गई थी, जबकि कनाडा पहले ही चीन के साथ एक समझौता कर चुका है।

## एअर इंडिया का बड़ा विस्तार: बेड़े में शामिल होंगे 30 नए बोइंग 737 मैक्स विमान

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने घरेलू और क्षेत्रीय बाजारों में तेजी से बढ़ती यात्रा मांग को पूरा करने के लिए 30 अतिरिक्त ईंधन-कुशल बोइंग 737 मैक्स जेट विमानों का ऑर्डर दिया है। इस ऑर्डर में 20 बोइंग 737-8 और 10 बोइंग 737-10 विमान शामिल हैं, जिससे एअर इंडिया का बोइंग के साथ कुल ऑर्डर बुक लगभग 200 विमानों तक पहुंच गया है। यह घोषणा हैदराबाद में आयोजित वार्षिक विंग्स एयरशो के दौरान बोइंग और एअर इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

## ईमानदार अधिकारियों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचाने की जरूरत

**नई दिल्ली।**

भारत को जिस 'उद्यमशील राज्य' की सख्त जरूरत है, उसके लिए ईमानदार अधिकारियों को निरर्थक और परेशान करने वाले अभियोजन से संरक्षण देना अनिवार्य है। यह बात आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में कही गई है, जिसे गुरुवार को संसद में पेश किया गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश सर्वेक्षण में कहा गया है कि कानूनी और संस्थागत ढांचे ऐसे होने चाहिए, जो सद्भावना में लिए गए निर्णयों को सुरक्षा प्रदान करें और गलती व भ्रष्टाचार के बीच स्पष्ट अंतर तय करें। सर्वेक्षण में कहा गया है कि हर नकारात्मक नतीजा न तो गलत मंशा का परिणाम होता है और न ही अक्षमता का। कई बार विफलताएं अनुमानों की चूक, समय,



समन्वय या जवाबदेही के समय-चक्र से जुड़ी होती हैं। इसमें नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और सतर्कता संस्थाओं के ध्ष्टिकोण में बदलाव की जरूरत पर बल दिया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, ह्लपूर्व-निर्धारित स्पष्टता और बाद की अनुपातिक समीक्षा, वास्तविक समय की सख्त निगरानी से अधिक महत्वपूर्ण है।" सर्वेक्षण में कहा गया है कि आने वाले दशकों में भारत को ऐसे फैसले लेने होंगे, जिनके लिए कोई तयशुदा मार्गदर्शिका नहीं होगी। ऐसे में सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि देश अनिश्चितता के बीच सीखने, सुधार करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में कितना सक्षम है। जापान के युद्धोत्तर अनुभव का हवाला देते हुए सर्वेक्षण में कहा गया है कि वहां नीतिगत विफलताओं को सीख के अवसर के रूप में देखा गया।

## अब यमुनोत्री धाम में भी गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक, बदरी-केदार व गंगोत्री में भी एंट्री नहीं

**नई दिल्ली।**

गंगोत्री धाम के बाद अब यमुनोत्री धाम में भी गैर सनातनियों के प्रवेश को वर्जित करने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले हरकी पैड़ी और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर में भी गैर सनातनियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। गंगोत्री धाम के बाद अब यमुनोत्री धाम में भी गैर सनातनियों के प्रवेश को वर्जित करने का निर्णय लिया गया है। यमुनोत्री मंदिर समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि आगामी अप्रैल से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा के दौरान धाम में नियम लागू कर दिया जाएगा। वहीं प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज सहित अन्य संतों के साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की। यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूपी के प्रयागराज में जिस तरह स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान करने से रोका गया उससे सनातनियों की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यह सनातन धर्म के खिलाफ है और सनातन धर्म के प्रहरियों की आवाज दबाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा सनातन की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं। यमुनोत्री धाम में भी गैर सनातनियों के प्रवेश को वर्जित करने का निर्णय लिया गया है। इस बार चारधाम यात्रा के दौरान धाम में नियम लागू कर दिया जाएगा। उसके बाद किसी भी गैर सनातनी को धाम के आसपास प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इस मौके पर बड़कोट व्यापार मंडल महामंत्री सोहन गैरोला भी रहे।



## संपादक की कलम से

# पर्यटन के बूट

अपर्यटन के रास्ते आ रहा फूहड़पन और हिमाचल की तस्वीर में बहती गंदगी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। अक्सर सोशल मीडिया के खंडहर स्थापित हो जाते हैं। हिमाचल में ऐसा बहुत कुछ है जो आह्लादित और रोमांचित करता है। यहां हर मौसम दिल तक के रंग बदलता है। मसलन बर्फ के सान्निध्य में पर्यटन का उफान आजकल जिस कद्र छाया है, उसके साथ खुली छूट नहीं दी जा सकती। बर्फ का कचूमर निकालना पर्यटन नहीं और न ही वाहनों से खेलना पहाड़ की सोहबत है। वे दृश्य भयानक हैं जब रिज पर गिरी बर्फ से नहाते पर्यटक अगर अपनी आस्तीन खोल दें या निर्वस्त्र होकर कोई महिला मनाली की फिझ्गा बिगाड़ दे। इस शोरगुल में बर्फ भी बहरी हो गई, प्रकृति गाती रही हम भी सुन न सके। प्रकृति की छूअन का हल्का सा आमंत्रण आंखों में बहारों सा शगुन है, लेकिन पर्यटन के अति दोहन ने हमसे हमारी मौलिकता छीन ली है। हिमाचल को मौसमी पर्यटन की महफिल जरूर मिलती है, लेकिन यह चार दिन की चांदनी बनकर प्रदेश के ओज को बौना कर देती है। ऐसे पर्यटन के आगे जो देखा जा सकता है, उसे कैसे बचाएं-दिखाएं। यह नागरिक जवाबदेही भी है कि पर्यटन को प्रकृति की रचना में संजोएं। तारीफ करनी होगी लाहौल-स्पीति के सिस्सू-कोकसर इलाके के लोगों की, जिन्होंने अपने हलडा उत्सव की मयार्दा को कायम रखते हुए 40 दिनों तक पर्यटन गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगा दी है। यह इसलिए भी कि अटल टनल ने पर्यटन को दरिया बना दिया है और अगर सिस्सू के नागरिक, आमंत्रण और परंपरा के बीच पहाड़ के मर्म की रक्षा न करते तो सैलानियों के बूट किसी भी स्तर तक पहुंच कर कुछ भी रौंद देते। यही सब इस बर्फबारी के मंजर में तबाह भी हुआ है। आखिर बर्फ केवल पर्यटन के लिए ही तो नहीं आती। वह पहाड़ को पहाड़ की दरियादिली में दिखाने के लिए आती है। वह कृषि, फलोत्पादन व नदियों के प्रवाह में आत्मविश्वास लेकर आती है। इसलिए बर्फ के हर गिरे हुए फाहे पर पर्यटन का हक नहीं हो सकता। इसी तरह प्राकृतिक हलचल या प्राकृतिक छटा के हर मजमून से सोशल मीडिया को आबाद करना भी गुनाह है। कोई महिला बाहर से आकर मनाली के सार्वजनिक शिष्टाचार भूल कर नग्नावस्था में अश्लील डांस करे, तो इससे भयानक पर्यटन आकर्षित होगा। अभी भी अंतरराष्ट्रीय हलकों में मलाणा क्रीम का जिक्र मात्र हिमाचल को नशे की मंडी बना देता है। धीरे-धीरे हिमाचल के ही कुछ इलाके गोपनीय पार्टियों के इश्तिहार में बदनाम हो चुके हैं। आखिर 70 लाख की आबादी वाले पहाड़ी, परंपरावादी, कबायली व खास मूल्यों से प्रेरित हिमाचल को कितना और किस तरह के पर्यटन की जरूरत है। हमें पर्यटक परिवार चाहिए, कारपोरेट जगत की युवा पीढ़ी चाहिए, हुल्लड़बाज युवा चाहिए या रील बनाने की उद्दंडता से सराबोर सैलानी चाहिएं। हमारी पर्यटन की मुहिम न पर्यटन सीजन और न ही बर्फबारी या शीतकालीन सफर तक मुकम्मल होती है। जो डलहौजी की बर्फ को रौंद रहे हैं, उन्हें कौन बताएगा चंबा के हजार साल की धरोहर। शिमला में बर्फबारी से इतर ब्रिटिश पीरियड की यादों के झरोखे कौन खोलेगा। कौन कांगड़ा के पर्यटक सीजन को मसरूर, कांगड़ा फोर्ट या सुजानपुर के ऐतिहासिक मैदान तक ले जाएगा।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### चमक में खोता योगदान



संजय एम तराणेकर

वर्तमान में मिल रहा हैं कागजी सम्मान,
इससे चमक खोता वास्तविक योगदान।
आज ये राष्ट्र के आत्मंथन का अवसर,
प्रशंसा-पत्रों को पाने के लिए सब तत्पर।

ये उत्कृष्ट कार्यों के सार्वजनिक स्वीकृति,
भले ही न मिले सबको इनकी प्रतिकृति।
निस्वार्थ भाव से राष्ट्र, समाज व व्यवस्था,
इनको बेहतर बनाने में योगदान अवस्था।

चयन पद्धतियों पर गंभीर प्रश्न ना हो खड़े,
राष्ट्रीय पर्व पे प्रशंसा-पत्रों के सम्मान बढ़े।
इनके लिए ना हो आवश्यक आवेदन देना,
सम्मान वहीं जो स्वत: मिले स्वीकार लेना।

# शिक्षा खौफनाक नहीं, बल्कि स्नेह एवं हौसलों का माध्यम बन



ललित गर्ग



जीवन को दिशा देने वाली शिक्षा यदि भय, हिंसा और दमन का पर्याय बन जाए तो वह सभ्यता की सबसे बड़ी विडंबना कही जाएगी। हाल के वर्षों में पढ़ाई के नाम पर बच्चों पर बढ़ते दबाव, घर और स्कूल में हिंसक व्यवहार तथा प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ ने शिक्षा की आत्मा पर गहरा आघात किया है। फरीदाबाद की उस हृदयविदारक घटना ने, जिसमें महज गिनती न सीख पाने के कारण एक मासूम बच्ची को पिता की क्रूरता ने मौत के मुंह में धकेल दिया, पूरे समाज को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस तरह खौफनाक होती पढ़ाई अब केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि जन-जन से जुड़ी विडम्बना बनती जा रही है। इस तथाकथित शिक्षा की विकृत मानसिकता का भयानक परिणाम है कि आज भी यह माना जाता है कि डर और मार से बच्चों को बेहतर बनाया जा सकता है। ज्ञान की इस सदी में यह सोचना ही शर्मनाक है कि पढ़ाई के नाम पर किसी बच्चे से उसका जीवन, उसका बचपन, उसका आत्मविश्वास छीना जा सकता है।

आज शिक्षा धीरे-धीरे मानवीय संवेदनाओं से कटती जा रही है। परीक्षा परिणाम, रैंक, अंक तालिका और प्रतिस्पर्धा के आंकड़े शिक्षा का चेहरा बनते जा रहे हैं। अभिभावक अपने अधूरे सपनों का बोझ बच्चों के नाजुक कंधों पर लाद देते हैं और स्कूल उन्हें प्रदर्शन की मशीन मानकर आंकने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि बच्चा पढ़ाई को उत्सव या खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक खौफनाक दायित्व के रूप में देखने लगता है। घर, जो सबसे सुरक्षित और स्नेहपूर्ण स्थान होना चाहिए, वहीं डर का अड्डा बन जाता है। स्कूल, जो जिज्ञासा और रचनात्मकता को पंख देने का माध्यम होना चाहिए, वह दंड और अपमान का स्थल बन जाता है। ऐसे में मासूम मन कहां जाए, किससे अपने भय और असहायता को साझा करे। मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र के तमाम अध्ययन यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हिंसा, डांट, डर और अपमान बच्चों की सीखने की क्षमता को नष्ट करते हैं। डर के माहौल में बच्चा न तो प्रश्न पूछ पाता है, न प्रयोग कर पाता है और न ही अपनी गलतियों से सीख पाता है। उसकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और निर्णय क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धीरे-धीरे वह हीनभावना का शिकार हो जाता है और स्वयं को अयोग्य समझने लगता है। यह कुंठा केवल बचपन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे जीवन उसके व्यक्तित्व पर छाया की तरह मंडराती रहती है। ऐसे बच्चे बड़े होकर भी जोखिम लेने से डरते हैं, अपनी बात रखने में संकोच करते हैं और जीवन की प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास के अभाव में पिछड़ जाते हैं। यह शिक्षा नहीं, बल्कि एक तरह का मानसिक शोषण है।

हमारी सबसे बड़ी भूल यह है कि हम हर बच्चे को एक ही मापदंड से आंकना चाहते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट है। किसी की रुचि गणित में है तो किसी की कला में, कोई खेल में खिलता है तो कोई संगीत या साहित्य में। प्रकृति ने हर बच्चे को किसी न किसी विशेष क्षमता के साथ भेजा है, लेकिन हम उसे पहचानने की बजाय एक तयशुदा पाठ्यक्रम और अपेक्षाओं की बेड़ियों में जकड़ देते हैं। नई शिक्षा नीति 2020 ने बहुआयामी शिक्षा, रुचि आधारित सीख और मूल्यपरक दृष्टि की बात जरूर की है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी अंक और रैंक की मानसिकता हावी है। कोचिंग संस्कृति, बोर्ड परीक्षाओं का भय और प्रवेश परीक्षाओं की दौड़ ने शिक्षा को और भी संकीर्ण बना दिया है। इसके यह भी एक कटु सत्य है कि कई बच्चे जन्मजात, आनुवंशिक या परिस्थितिजन्य कारणों से सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं। दृष्टिदोष, श्रवण समस्या, डिस्लेक्सिया, मानसिक तनाव या पारिवारिक अस्थिरता जैसी स्थितियां उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे बच्चों को सबसे अधिक समझ, धैर्य और सहारे की आवश्यकता होती है, लेकिन दुर्भाग्य से वही बच्चे सबसे पहले डांट और दंड का शिकार बनते हैं। शिक्षक और अभिभावक उनकी समस्या को समझने की बजाय उन्हें आलसी या अयोग्य ठहरा देते हैं। यह रवैया न केवल अमानवीय है, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय भी है।

शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है। यदि शिक्षा अहिंसा, करुणा, सहानुभूति और आत्मसम्मान का पाठ नहीं पढ़ाती, तो वह अधूरी है। बच्चों को सिखाने का सबसे प्रभावी माध्यम उदाहरण होता है। जब वे घर और स्कूल में संवाद, धैर्य और प्रेम देखते हैं, तभी वे भी वही मूल्य आत्मसात करते हैं। भय के वातावरण में पले बच्चे या तो दब्बू बन जाते हैं या फिर हिंसा को ही समाधान मानने लगते हैं। समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता के पीछे कहीं न कहीं वही शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार है जो संवेदनशील मनुष्यों के बजाय केवल प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बार-बार परीक्षा के तनाव को कम करने और शिक्षा को जीवन से जोड़ने की अपील इस बात का संकेत है कि समस्या गंभीर है। लेकिन केवल भाषणों और नीतियों से बदलाव नहीं आएगा। असली परिवर्तन तब होगा जब अभिभावक यह समझेंगे कि उनका बच्चा उनकी प्रतिष्ठा का साधन नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है। जब शिक्षक यह मानेंगे कि उनका दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों में सीखने की ललक जगाना है। जब स्कूल प्रशासन दंड की संस्कृति छोड़कर सहयोग और परामर्श की व्यवस्था विकसित करेगा। और जब समाज यह स्वीकार करेगा कि असफलता भी सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, कोई अपराध नहीं।

आज जरूरत है शिक्षा को फिर से मानवीय बनाने की। ऐसी शिक्षा की, जिसमें स्नेह अनुशासन का आधार हो, संवाद दंड का विकल्प बने और विश्वास भय की जगह ले। बच्चों को यह एहसास कराया जाए कि वे जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार्य हैं और उनकी प्रगति का रास्ता उनकी अपनी गति से तय होगा। शिक्षा को अहिंसक दृष्टि से देखना केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता भी है। क्योंकि जिस समाज की शिक्षा बच्चों को तोड़ती है, वह समाज कभी मजबूत नहीं हो सकता। मासूमों को डर नहीं, हौसले का संबल चाहिए; डांट नहीं, दिशा चाहिए; और हिंसा नहीं, विश्वास चाहिए। तभी शिक्षा सचमुच जीवन देने वाली बन सकेगी, जीवन लेने वाली नहीं।

नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस (एनपीएससी) भारत के 250 से ज्यादा प्रमुख प्राइवेट सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का एक प्रमुख एसोसिएशन है, शिक्षा की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए एनसीईआरटी और एनआईईपीए जैसे सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करता है, जिसमें पॉलिसी सुधार, पढ़ाने-सीखने के तरीकों और सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। जिसका उद्देश्य शैक्षिक पहलों, टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन और मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाना। इसी से जुड़ी डॉ. उषा राम भारतीय स्कूल शिक्षा क्षेत्र में एक अनुभवी शिक्षिका और लीडर हैं, इसी तरह श्रीनिवासन श्रीराम द मान स्कूल, दिल्ली के प्रिंसिपल हैं, जिनके पास रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल शिक्षा और आईटी एडमिनिस्ट्रेशन में 30 से ज्यादा सालों का अनुभव है। मेयो कॉलेज में कंप्यूटर साइंस के पूर्व हेड होने के नाते, वे आईसीटी इंटीग्रेशन और इक्कीसवीं सदी की लर्निंग में एक्सपर्ट हैं। इन दोनों शिक्षाशास्त्रियों से कल ही प्लेटीनम वैली इन्टरनेशनल स्कूल में नई शिक्षा नीति-2020 को लेकर सार्थक चर्चा हुई। सर्वसम्मति यही सामने आयी कि आज सबसे बड़ा और चिंताजनक प्रश्न यह है कि जो शिक्षा जीवन निर्माण, चरित्र गठन और मानवीय मूल्यों के संवर्धन का माध्यम होनी चाहिए थी, वही शिक्षा धीरे-धीरे विध्वंस का कारक क्यों बनती जा रही है। जब शिक्षा सही दिशा में आगे नहीं बढ़ती, जब वह अहिंसा, करुणा, सह-अस्तित्व और नैतिक विवेक से संपन्न नागरिकों का निर्माण करने में विफल रहती है, तब उससे निकलने वाली पीढ़ियां केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भी संकट का कारण बनती हैं।

# बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी यूनियन में वर्चस्व की लड़ाई महासचिव ने एफआईआर दर्ज कराई

बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारियों यूनियन की प्रतिष्ठित संस्था 'ऑल इंडिया बैंक ऑफ इंडिया एससी,एसटी एवं ओबीसी एम्प्लॉइज एसोसिएशन' यूपी व उत्तराखंड यूनिट में वर्चस्व की लड़ाई और गबन का मामला अब थाने तक पहुंच गया है संस्था के वर्तमान महासचिव कमलेश मीना की तहरीर पर थाना जगदीशपुरा आगरा कमिश्नरेट उत्तर प्रदेश पुलिस ने संस्था के पूर्व पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह पुत्र डोरीलाल निवासी आगरा उ प्र, रमेश मून पुत्र राजहंस मून निवासी नागपुर महाराष्ट्र, हरिराज पुत्र धर्मसिंह निवासी बिजनौर उ प्र तथा वीरेंद्र प्रसाद वर्मा पुत्र बलराम निवासी नागपुर महाराष्ट्र समेत करीब अन्य 19-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं के अतिरिक्त अन्य भारतीय न्याय संहिता की भिन्न भिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है संस्था के वर्तमान महासचिव और शिकायतकर्ता कमलेश मीना ने अपने अधिवक्ता राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया के साथ आज पत्रकारों को उपरोक्त थाने में दर्ज एफआईआर संख्या-16/2026 की प्रतियां देकर आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में वित्तीय अनिमिताओं के चलते संस्था से निष्कासित किए गए वीरेंद्र सिंह ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर एक साजिश के तहत 12 व 15 अक्टूबर 2024 को आगरा में फर्जी बैठकें दर्शाकर संगठन से मिलते जुलते नाम से एक नये संगठन का समानांतर व फर्जी गठन कर लिया और हैरानी की बात यह है कि जिस दिन पन्द्रह अक्टूबर को बैठक और चुनाव होना दिखाया गया, उस दिन मंगलवा कार्य दिवस था और सभी सदस्य अपनी-अपनी बैंक शाखाओं में ड्यूटी पर थे आरोपियों ने उन सदस्यों के फर्जी शपथ पत्र और हस्ताक्षर तैयार कर संबंधित डिप्टी रजिस्ट्रार (फर्म्स, सोसाइटीज एंड चिट्स) के कार्यालय में जमा करा कर फर्जी संस्था का रजिस्ट्रेशन करा लिया इस फर्जी संस्था रजिस्ट्रेशन के आधार पर आरोपियों ने ग्रेटर नोएडा स्थित बैंक ऑफ इंडिया की बघेल ब्रांच में एक खाता खुलवाकर कर्मचारियों को गुमराह करते हुऐ सदस्यता शुल्क के नाम पर लिया पैसा उस खाते में जमा कराकर गबन कर लिया शिकायत मिलने पर उपरोक्त थाना पुलिस ने तत्काल भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 338, 336(3), 304(2), 316(2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में बैंक कर्मचारी यूनियन के ही पूर्व पदाधिकारीयो पर आरोप हैं इसलिए मामला बहुत पेचीदा है अब आगे की जांच से अन्य सभी संबंधित आरोपियों के नाम पते सामने आने पर उनके विरुद्ध भी अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जाएगी।





स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# केएम विश्वविद्यालय शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य देने को प्रतिबद्ध : किशन चौधरी

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** केएम स्वास्थ्य की राजधानी गांव-गांव जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रार्मीणों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में जैंत के जौनाई कस्बे के सद्गुरू इंटर कालेज व महावन कस्बे के गांव बरौली में प्रदीप मुखिया के घर कैम्प लगाया गया जिसमें 300 ग्रामीणों और जौनाई में 345 मरीजों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं निःशुल्क दवाईयां प्राप्त की तथा वेटरिनरी कालेज के डा. अनुज शर्मा, डा. अभिषेक शर्मा ने गांव के बीमार पशुओं का भी निःशुल्क इलाज किया। मंगलवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों मरीज लाभान्वित हुए। केएम के वरिष्ठ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की। आज लगाए गए शिविर में करीब 300 मरीजों की निःशुल्क जांच और उपचार किया गया। केएम हॉस्पिटल के डा. आशीष, डा. याशी पांडेय, डा. अंकिता सिंह, डा. प्रियंका, डा. गायत्री, डा. राहुल वर्मा ने एक दर्जन से अधिक गांवों के महिला-पुरुष और बच्चों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। शिविर में सुबह से ही मरीजों का आना शुरू हो गया था। इस शिविर में सर्दी जुकाम, मधुमेह, स्त्री रोग, श्वेत प्रदर, जोड़ों का दर्द, शिशु रोग, नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों की जांच और उपचार किया गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श के साथ उन्हें दवाएं भी मुफ्त में प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर लगने से समय और पैसे की बचत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे शिविर लगते रहने चाहिए। केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी का कहना है कि केएम विश्वविद्यालय शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य देने को प्रतिबद्ध है। ब्रज की युवा पीढ़ी अशिक्षित न रहे और मेरे ब्रजवासी हमेशा स्वस्थ रहे इसी कामना को लेकर केएम आगे बढ़ रहा है, मथुरा जिले के ग्रामीणों को समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिलता रहे ताकि उनका समय और पैसा दोनों बचे, पहले ग्रामीणों को नोएडा, भरतपुर आगरा भागना पड़ता था लेकिन बेहतर स्वास्थ्य सेवा अब केएम में उपलब्ध है। मथुरा के ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे है ताकि मरीजों को चिकित्सा के अभाव में इधर-उधर न भटकना पड़े। स्वास्थ्य शिविर की समस्त व्यवस्थाएं प्रचार-प्रसार विभाग के मैनेजर आमीन खांन और दीपक कंसल सहित अन्य कर्मचारियों ने संभाली।

# गोवर्धन पहुंचे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, संत सियाराम दास महाराज से लिया आशीर्वाद



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** प्रदेश के जल शक्ति एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गुरुवार को गोवर्धन पहुंचे। यहाँ उन्होंने सुप्रसिद्ध गोवर्धन हनुमानबाग आश्रम में मत्था टेका और संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह यहाँ आयोजित हनुमान जी के वार्षिक महोत्सव में सम्मिलित होने आए थे। आश्रम पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने आश्रम के प्रमुख संत सियाराम दास महाराज से भेंट की। उन्होंने महाराज के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और काफी देर तक आध्यात्मिक चर्चा की। इस दौरान आश्रम में हनुमान जी के वार्षिक महोत्सव को लेकर चर्चा हुई। अक्सर अपनी सादगी के लिए चर्चा में रहने वाले स्वतंत्र देव सिंह ने आश्रम में आम श्रद्धालुओं की तरह ही पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि संतों का आशीर्वाद और हनुमान जी की कृपा ही जनसेवा की शक्ति प्रदान करती है। वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे और धार्मिक कार्यक्रमों में भी उन्होंने शिरकत की। कहा कि हनुमान जी के चरणों में बैठकर जो शांति मिलती है, वह अद्भुत है। ब्रज की इस पावन धरा और संतों के सानिध्य से सदैव नई ऊर्जा मिलती है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना में वांछित/नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।कोतवाली प्रभारी गढ़मुक्तेश्वर देवेंद्र बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई में अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।हापुड़ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी जज और थाना प्रभारी बनकर 5.30 लाख की ठगी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने फर्जी जज व थाना प्रभारी बनकर अपने ही दोस्त से ठगी करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कूटरचित दस्तावेज (एक फर्जी एफआईआर व 03 फर्जी वारंट), 03 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल तथा 710 रुपये नकद बरामद किए हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद शाद सिद्दकी, मौअज्जम एवं मोहम्मद अतिफ के रूप में हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि मोहम्मद शाद सिद्दकी व मौअज्जम ने सह अभियुक्त मोहम्मद अतिफ को फर्जी जज एवं थाना प्रभारी बनाकर मुकदमा वादी के पुत्र, जो विदेश में नौकरी करता है, को फोन द्वारा डराया-धमकाया। इसके बाद तीन माह के अंतराल में अलग-अलग किश्तों में कुल 05 लाख 30 हजार रुपये की ठगी की गई।पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।


# उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक हुई सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र की अध्यक्षता में वृन्दावन के गीता शोध संस्थान भवन में स्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। बैठक में यमुना पार प्रस्तावित पार्किंग स्थल से ठाकुर श्री बांके बिहारी जी मंदिर तक आवागमन हेतु प्रस्तावित सस्पेंशन ब्रिज, यमुना जी के घाटों के निर्माण, प्रस्तावित रोप-वे एवं जुगल घाट पर केबिल ब्रिज बनाने के साथ-साथ पार्किंग, जनसुविधाएं, यातायात, एकल मार्ग व्यवस्था आदि के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसके साथ ही यमुना जी के किनारे बने विभिन्न घाटों को सुंदर, आकर्षक और व्यवस्थित बनाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिए गए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं की डिजाइन का स्क्रीन के माध्यम से प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में उपरोक्त महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की प्रगति एवं भावी कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को सुदृढ़ व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं की जा रही है। सुगम एवं सरल दर्शन उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन कटिबद्ध है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी, जिससे धार्मिक, पर्यटन, संस्कृति का विकास हो। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक, अधिशासी अभियंता सिंचाई राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण प्रशांत कुमार सहित कार्यदाई संस्थान के पदाधिकारियों के साथ-साथ सेतु निगम, सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रामानंद आश्रम में आयोजित रामलीला में हुआ बाली वध, लंका दहन का सजीव मंचन



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** दानघाटी मंदिर के निकट, आन्यौर परिक्रमा मार्ग स्थित श्री रामानंद आश्रम में सातवें दिन श्री रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव में बाली वध, लंका दहन लीला का सुंदर मंचन व्यास पवन देव ( कौशल किशोर ) जी ने किया, जिसको देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। 36वी जयन्ती अनन्त श्री विभूषित जगद् ?गुरु स्वामी श्री रामानन्दाचार्य महामहोत्सव के बारे में महंत श्री राम अनुग्रह दास महाराज ने बताया कि आज बाली वध एवं लंका दहन का सुंदर मंचन रामलीला में प्रस्तुत किया है। व्यास उपेन्द्र चतुर्वेदी जी सुबह अखंड रामायण बोलते है वही बाली वध और लंका दहन रामायण के दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम हैं। भगवान राम ने अधर्मी बाली का वध कर सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाया। इसके बाद हनुमान जी ने माता सीता की खोज में लंका जाकर रावण के अहंकार को तोड़ने के लिए अपनी पूंछ से पूरी लंका को जला दिया, जिससे रावण की राक्षसी शक्ति को बड़ा झटका लगा। रामलीला मंचन को देखकर सभी भक्तगण भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर सत्यम चतुर्वेदी, ऋषभ चतुर्वेदी एवं पूजा चतुर्वेदी, अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** दिनांक 29 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी हापुड़ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, शुगर मिल, गन्ना विभाग, टोल प्लाजा प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।बैठक में शैलेन्द्र सिंह अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील गुप्ता उप मुख्य चिकित्साधिकारी, रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) छवि सिंह चौहान एआरटीओ (प्रशासन), राहुल यादव क्षेत्राधिकारी यातायात हापुड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं एनएचएआई मेरठ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद के अधिकारी उपस्थित रहे।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा बैठक के एजेंडे के अनुसार बिंदुवार कार्यवाही प्रस्तुत की गई, जिस पर उपस्थित अधिकारियों, परिवहन व्यवसायियों एवं सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए कि पिछले तीन वर्षों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर की गई कार्यवाही की विस्तृत सूचना उपलब्ध कराई जाए, साथ ही जिन वाहनों पर 05 से अधिक चालान हो चुके हैं, उनके पंजीयन चिन्ह निलम्बित करने हेतु नोटिस जारी किए जाएं।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एनएच-9 पर चिन्हित सभी ब्लैक स्पॉट्स पर ओवरस्पीड कैमरे लगाए जाएं तथा बुलन्दशहर रोड एवं मेरठ रोड पर सड़क के गड्ढों को तत्काल प्रभाव से भरवाया जाए। इसके अतिरिक्त तीनों टोल प्लाजा पर तैनात एम्बुलेंस, क्रेन एवं पेट्रोलिंग वाहनों के रिस्पॉन्स टाइम की समीक्षा की गई।बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी विद्यालय में बिना फिटनेस प्रमाणपत्र वाले वाहनों का संचालन न किया जाए।साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जिलाधिकारी महोदय द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई।

# मेरठ में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल अध्यक्ष पद हेतु चुनाव का तीसरा चरण शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**मेरठ।** जनपद मेरठ में बुधवार को दिनांक 28 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल अध्यक्ष पद हेतु चुनाव का तीसरा चरण कुशलता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला तथा भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान में भाग लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सहारनपुर निवासी अजय सिंह रुहेला, जो इलाहाबाद हाईकोर्ट से प्रत्याशी हैं एवं जिनका चुनाव चिन्ह/क्रमांक 18 है, के मेरठ पहुंचने पर अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अजय सिंह रुहेला ने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि उन्हें समर्थन मिला तो वे उच्च न्यायालय में अधिवक्ताओं की समस्याओं एवं मांगों को पूरी मजबूती के साथ उठाने का कार्य करेंगे।उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि क्रमांक 18 पर अपना कीमती वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि अधिवक्ता समाज के हितों की प्रभावी पैरवी की जा सके।इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता पी.के. धामा, अधिवक्ता मोहन कुमार, अंकुर कुमार, अमन कुमार, अमित कुमार, वरिष्ठ पत्रकार मनोज रुहेला सरदार, महिला अधिवक्ता एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बताया गया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल अध्यक्ष पद हेतु चुनाव का चौथा एवं अंतिम चरण 30 जनवरी 2026 को संपन्न होगा। प्रत्याशी अजय सिंह रुहेला ने सभी अधिवक्ताओं से अपील की कि वे सहारनपुर निवासी अजय सिंह रुहेला (क्रमांक 18) को अपना बहुमूल्य मत देकर विजय दिलाएं।

# अंडर-19 क्रिकेट लीग पर गौतमबुद्धनगर का कब्जा

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह







अंडर-19 क्रिकेट लीग पर गौतमबुद्धनगर का कब्जा

जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को खेली गई अंडर-19 क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में गौतमबुद्धनगर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हापुड़ को 56 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए गौतमबुद्धनगर की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 311 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ऋषभ चौधरी ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 112 रन बनाए, जबकि भावी शर्मा ने 76 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। हापुड़ की ओर से गेंदबाजी में अंकित ने तीन विकेट झटके।लक्ष्य का पीछा करने उतरी हापुड़ की टीम संघर्ष के बावजूद 255 रन ही बना सकी और 56 रन से मैच हार गई। हापुड़ की ओर से आदित्य ने 54 रन तथा अंकित ने 47 रन की पारी खेली। गौतमबुद्धनगर की गेंदबाजी में सार्थक ने तीन विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।ऋषभ चौधरी चमके, कई खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार बेहतरीन प्रदर्शन के लिए गौतमबुद्धनगर के ऋषभ चौधरी को प्लेयर ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बैट्समैन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं बेस्ट बॉलर और बेस्ट फील्डर का पुरस्कार हापुड़ के रवि सैनी को तथा बेस्ट विकेटकीपर का पुरस्कार हापुड़ के तनिष्क शर्मा को दिया गया।क्रिकेट खेल नहीं , जज्बा और जुनून है डीएस चौहान वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल त्यागी के जन्मदिवस एवं स्मृति में आयोजित इस अंडर-19 क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डीएस चौहान ने कहा कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं बल्कि जज्बा, जुनून और टीमवर्क का सबसे बड़ा उदाहरण है। दोनों टीमों ने फाइनल तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण है।एचपीडीए के वीसी डॉ. नितिन गौड़ ने कहा कि आज का असली विजेता खेल भावना है। उन्होंने दोनों टीमों को फाइनल तक पहुंचने पर बधाई देते हुए आयोजन के लिए हापुड़ जिला क्रिकेट संघ की सराहना की।ये रहे मौजूद गणमान्य इस अवसर पर हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के संरक्षक रामकुमार त्यागी, उपाध्यक्ष डॉ. आयुष सिंहल, नवीन सचदेवा, डीएन गौड़, बुलंदशहर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अमरीश गुप्ता, अंशुल मित्तल, गौतमबुद्धनगर से कन्हैया लाल तेजवानी, मुकेश त्यागी, अजीत त्यागी, बसपा नेता बबलू त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बरेली डीएम के पिता का गंभीर बीमारी के कारण हुआ निधन

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के पिता, पूर्व पीसीएस अधिकारी दिनेश बहादुर सिंह का गुरुवार दोपहर निधन हो गया। उन्होंने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में दोपहर करीब 12 बजे अंतिम सांस ली। वे करीब डेढ़ महीने से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और लगातार इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार सात दिसंबर को अचानक अस्थमा का अटैक पड़ने से उनकी हालत गंभीर हो गई थी। इसके बाद उन्हें डोहरा रोड स्थित वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रखा। कुछ समय बाद तबीयत में सुधार हुआ और उन्हें वेंटिलेटर से हटाया गया। हालत स्थिर होने के बाद कुछ दिन पहले उन्हें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। दो दिन पहले उनकी तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई। तमाम प्रयासों के बावजूद गुरुवार दोपहर उनका निधन हो गया। मूल रूप से जौनपुर निवासी दिनेश बहादुर सिंह 1970 बैच के पीसीएस अधिकारी थे। उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में अपनी प्रशासनिक सेवाएं दीं। सेवानिवृत्ति के बाद वे परिवार के साथ प्रयागराज में बस गए थे। वर्तमान में वे अपने पुत्र डीएम अविनाश सिंह के साथ बरेली में रह रहे थे। निधन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई। अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सहित पुलिस और प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी डीएम आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम आवास पर शोक और संवेदना का माहौल बना रहा। वहीं दिनेश बहादुर सिंह को एक सादगीपूर्ण और अनुशासित अधिकारी



के रूप में जाना जाता था। शिक्षा, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों को उन्होंने हमेशा प्राथमिकता दी। उनके व्यक्तित्व की झलक उनके पुत्र डीएम अविनाश सिंह की कार्यशैली में भी साफ दिखाई देती है। गुरुवार को डीएम आवास पर दिवंगत के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने पहुंचकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

# गणित में अच्छे नंबर पाने के लिए बेसिक कॉन्सेप्ट्स को मजबूत करें

**मुहम्मद परवेज अख्तर/वेलकम**

**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा की तैयारियों को लेकर विद्यार्थियों पर दबाव है। दैनिक वेलकम इंडिया प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए सनाबिल गर्ल्स इंटर कालेज मूड़ाडिहा बेग के संचालक मोहम्मद अफजल ने कहा कि गणित में अच्छे नंबर (100/100) पाने के लिए बेसिक कॉन्सेप्ट्स (अंकगणित, बीजगणित, ज्यामिति) को मजबूत करें, रोजाना अभ्यास करें, और फॉमूर्ला डायरी बनाएं। ठउएफळ किताबों पर ध्यान दें, पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल करें, और समय प्रबंधन का अभ्यास करें। सूत्रों को रटने के बजाय उनके उपयोग को समझें। मूलभूत अवधारणाओं को स्पष्ट करें गणित रटने का विषय नहीं है यदि आपकी नींव मजबूत है, तो आप



कठिन समस्याओं को भी हल कर सकते हैं। रोजाना कम से कम 2-3 घंटे गणित के प्रश्नों को हल करें, विशेषकर उन विषयों पर ध्यान दें जो कठिन लगते हैं। सभी सूत्रों, प्रमेयों और परिभाषाओं के लिए एक अलग डायरी तैयार करें और उसे समय-समय पर दोहराएं। पिछले 5-10 वर्षों के बोर्ड प्रश्न पत्र हल करें, इससे परीक्षा के पैटर्न और समय के प्रबंधन में मदद मिलती है। उत्तर निकालते समय सभी महत्वपूर्ण स्टेप्स लिखें, क्योंकि गलत उत्तर होने पर भी स्टेप्स के नंबर मिलते हैं।

# डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रुप से जिला कारागार संत कबीर नगर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतना त्यागी, जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह उपस्थित रहे। अधिकारीगण द्वारा निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि का सघन निरीक्षण किया गया। डीएम व एसपी द्वारा कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारीगण ने उपस्थित सभी कारागार कर्मियों को निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण/सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को निर्देशित किया गया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को राप्रपा की बैठक

**वेलकम इंडिया**

**सन्तकबीरनगर**।राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के जिला प्रभारी अफताब अंसारी व जिलाध्यक्ष मोहम्मद हादी ने सयुंक्त प्रेस विज्ञप्ति मे कहा कि आज प्रजा राज्य पार्टी किसी नाम की मोहताज नही है आज देश कि राजधानी दिल्ली मे पार्टी बहुत मजबूती से संगठन बना रही है। नेताओ ने कहा संतकबीरनगर कि तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जो कि 312-मेहदावल, 313-खलीलाबाद, 314-धनघटा(सुरक्षित) हैं तीनो सिटो पर प्रजा राज्य पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी और किस सिट से कौन लड़ेंगा। इसको लेकर संडे के दिन एक आवश्यक बैठक नार्मल चौक गोरखपुर स्थित कैम्प कार्यालय पर होगी।जिसमे राप्रपा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय तनवीर अहमद सनी पूर्व पुलिस अधिकारी भीम जनशक्ति सेना प्रमुख व राप्रपा प्रदेश अध्यक्ष मा जयराम गौतम प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी व सारे वरिष्ठ पदाधिकारी रहेगे

# सीबीगंज में 7 लाख की चोरी, बंद मकान का कुंडा तोड़ उड़ाए जेवर

**वेलकम इंडिया/ सुनील गुप्ता**

**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र के लेबर कॉलोनी में चोरों ने बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाते हुए करीब 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना के समय गृहस्वामिनी गांव गई हुई थीं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। लेबर कॉलोनी निवासी अर्चना वर्मा पत्नी स्व. रत्नेश्वर प्रसाद वर्मा के अनुसार वह अपने जेठ की तेरहवीं में शामिल होने गांव गई थीं। इसी दौरान 20/21 जनवरी 2026 की रात करीब 3 से 3:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर का कुंडा तोड़कर प्रवेश किया। इसके बाद अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवर समेट ले गए। हार, अंगूठी, पायल समेत जेवर ले गए चोर चोरी गए सामान में एक सोने का हार, सोने का झुमका, अंगूठी, कान की बालियां, चार जोड़ी चांदी की पायल और दो सोने की नोजपिन शामिल हैं। चोरी गए जेवरों की अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई गई है

# युवक को कार से खींचकर पीटने के आरोपी ने लगाई पुलिस कैप, फोटो वायरल, पुलिस ने शुरू की जांच

**वेलकम इंडिया/ सुनील गुप्ता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में कुछ दबंग युवकों ने सरेआम एक युवक को उसकी कार से खींचकर बेरहमी से पीटा। लाठी-डंडों और घूंसे-लातों से की गई इस जानलेवा पिटाई में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब पीड़ित ने बारादरी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब मुख्य आरोपी अमान इब्राहिम के सोशल मीडिया अकाउंट से अवैध हथियारों के साथ पुलिस कैप और कथित तौर पर दाऊद इब्राहिम की तस्वीरों के साथ फोटो वायरल होने लगीं। इन तस्वीरों ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और हमलावरों के बढ़ते हौसलों को उजागर किया है। घायल युवक की पहचान किला के मोहल्ला जसौली निवासी सलमान पुत्र मुश्ताक हुसैन के रूप में हुई है। पीड़ित के अनुसार, 26 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह पीलीभीत बाईपास रोड स्थित स्पर्श बैंक्वेट हॉल के सामने अपनी गाड़ी खड़ी किए हुए था। तभी दो कारों में सवार करीब 8 से 10 युवक मौके पर पहुंचे और



बिना किसी वजह उसे जबरन गाड़ी से उतार लिया। आरोप है कि मुख्य आरोपी अमान इब्राहिम, वसीम गद्दी, अनम गद्दी, सुभान उर्फ चूरन सहित अन्य अज्ञात लोगों ने सड़क पर ही सलमान को घेर लिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। हमले की क्रूरता इतनी ज्यादा थी कि सलमान लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए, लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए। पीड़ित का कहना है कि उसे लगातार डराया-धमकाया जा रहा है और उसकी जान को खतरा बना हुआ है। पीड़ित की तहरीर पर बारादरी थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस गिरफ्तारी के लिए दबिश देने का दावा कर रही है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी अब भी खुलेआम घूमते नजर आ रहे हैं।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत एनसीसी कैडेटों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में सड़क सुरक्षा माह 2026 के अवसर पर एचआर इंटर कॉलेज में अध्ययनरत एनसीसी कैडेटों को एआरटीओ सुश्री प्रियंवदा सिंह एवं प्रभारी यातायात परमहंस ने यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत एनसीसी कैडेटों द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो एचआर इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर बरदहिया, गोला बाजार होते हुए एनसीसी प्रांगण में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजन को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की अवस्था में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने हेतु जागरूक किया गया। रैली के दौरान पोस्टर, बैनर एवं स्लोगनों




के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एआरटीओ व यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा संभव है। जनपद पुलिस द्वारा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरुण कुमार ओझा, एनसीसी कैप्टन डा0 चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, एनसीसी अधिकारी पुनीत कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 सुरेन्द्र यादव, हे0का0 सुरेन्द्र प्रसाद, का0 टिकु पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जनपद पुलिस संतकबीरनगर आमजन से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# कैशलेश चिकित्सकीय सुविधा देना स्वागत योग्य कदम-संजय द्विवेदी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सकीय सुविधा देकर सराहनीय कार्य किया है। हम सरकार के निर्णय का स्वागत करते हैं और प्रदेश के शिक्षकों की तरफ से आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट की बैठक में सरकार द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, गैरअनुदानित माध्यमिक के शिक्षकों,अंशकालिक शिक्षकों, बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षामित्रों साथ रसोईयों, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के वार्डेन, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सकिया सुविधा देने की घोषणा कर दी गई। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष



चेतनारायण सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2008 से ही संगठन कैशलेश चिकित्सकिय सुविधा के लिए संघर्ष कर रहा था। जिला मुख्यालय से लेकर प्रदेश मुख्यालय तक अनेक दौर का संघर्ष किया गया। सरकार से कई दौर की वार्ता हुई। लम्बे संघर्ष के पश्चात सरकार ये निर्णय सामने आया है, जो निश्चित रूप से स्वागत योग्य है हम प्रदेश के शिक्षकों की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

# मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है- सतीश साहनी

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** बृहस्पतिवार को विकास खण्ड सांथा के गोइठहा में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। सांथा ब्लाक क्षेत्र के गांव गोइठहा में बृहस्पतिवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश कार्यकरणी सदस्य /प्रदेश उपाध्यक्ष, कांग्रेस फिशरमैन कमेटी उ.प्र सतीश साहनी ने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है। मनरेगा आपके काम करने के संवैधानिक अधिकार को सुनिश्चित करती है। मनरेगा में हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी अब आपके पास कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी। हर गांव में काम की कानूनी गारंटी



मिलती थी अब काम केवल मोदी सरकार द्वारा चुने गये गांवों में ही मिलेगी। उन्होंने कहा कि आपके न्यूनतम मजदूरी पाने के अधिकार को छीना जा रहा है। आपकी मजदूरी का 100% भुगतान केन्द्र सरकार करती थी इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिन्ता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध कराती थी लेकिन अब राज्य सरकारों को मजदूरी का 40% हिस्सा खुद देना होगा- खर्च बचाने के लिए हो सकता है वो काम ही उपलब्ध न कराएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गये बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम वेतन 400 रुपए होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निसार अहमद ने किये।

# शिक्षक प्रशिक्षण में सीखे गए ज्ञान को विद्यालय में पहुँचकर बच्चों के बीच लागू करें - दीप्ति वार्ष्णेय

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) फरीदपुर बरेली में माध्यमिक शिक्षकों का अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। प्रशिक्षण के उपरांत समस्त शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। गौरतलब है कि शासन की योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षकों का सामाजिक विषय तथा अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण डाइट में दिया जाना था। प्रशिक्षण में अंग्रेजी विषय के कुल 110 अध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायट प्राचार्य दीप्ति वार्ष्णेय ने शिक्षा के क्षेत्र में शासन की विभिन्न योजनाओं से सभी को परिचित कराया तथा सीखे गए ज्ञान को विद्यालय में बच्चों के बीच लागू करने की प्रेरणा दी। वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज कुमार ने भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। डायट प्रवक्ता तथा प्रशिक्षण के नोडल श्रीकांत मिश्रा ने सुनना, बोलना,




पढ़ना, लिखना कौशल की जानकारी दी तथा शिक्षकों का आवाह्न किया कि प्रत्येक तथ्य को पढ़ाते समय गतिविधि का समावेश अवश्य करें। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर बृजेश कुमार शर्मा ने पाठ योजना के बारे में विस्तार से बताया। मथुरा प्रसाद वर्मा ने अंग्रेजी कविता के पाठ योजना की जानकारी दी। अजीत कुमार शर्मा ने गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी व्याकरण तथा रामेंद्र कुमार गंगवार ने प्रश्न निर्माण की जानकारी दी। समापन सत्र में कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता श्रीकांत मिश्रा ने किया।

# प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर दुकानदारों से जुमार्ना वसूला

**वेलकम इंडिया**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाते हुए दुकानों से कॉटूनों में भरे गिलास व 27 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त कर दुकानदारों से जुमार्ना वसूला।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम का पॉलीथिनरोधी दस्ता नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ प्रवीण शाह, के नेतृत्व में बाजार मोरगंज व हलवाई हट्टा पहुंचा तो प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने व उपयोग करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मंच गया। कुछ दुकानदार दुकानें बंद कर भाग गए। निगम अधिकारियों ने अनेक दुकानदारों की जांच करते हुए 07 कार्टून प्रतिबंधित गिलास व 27 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त किया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल गुरुंग ने बताया कि दुकानदारों से 18 हजार रुपये जुमार्ना भी वसूला गया है। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक मनोज, आशीष, सोमकुमार व राजबीर तथा प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, कैप्टन नरेश, सूबेदार प्यार सिंह व हेमराज के अलावा जगपाल, शिवकुमार, विक्रम, रणदीप, पवन, और नवाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ प्रवीण शाह ने दुकानदारों से कहा कि पॉलीथिन लोगों के जीवन में जहर का काम कर रहा है। इसके कारण न केवल वातारण में प्रदूषण बढ़ रहा है बल्कि जमीन के भीतर भी जल प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथिन उपयोग करते हुए या बेचते हुए पाये गए तो उन पर भारी जुमार्ना लगाया जायेगा और मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा।



# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एनिमल बायोलॉजी चैलेंजेस एंड ऑपर्चुनिटीज (कउअइ-2026) का हुआ उद्घाटन

(संतोष कुमार सिंह)




**वाराणसी** :- काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा कोलकाता की जूलॉजिकल सोसाइटी के सहयोग से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन एनिमल बायोलॉजी चैलेंजेस एंड ऑपर्चुनिटीज (कउअइ-2026) का उद्घाटन समारोह 29 जनवरी गुरुवार को प्रो.एस.एस. जोशी हॉल केमिस्ट्री विभाग में संपन्न हुआ इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (29-31जनवरी 2026) में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक,शोधकर्ता और छात्र शामिल हो रहे हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी कुलपति काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने की सम्मेलन संयोजक प्रोफेसर स्वाति मित्तल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभागी आए हैं उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और शोधकताओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह विविधता ही हमारे सम्मेलन को और समृद्ध बना रही है जूलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया कोलकाता के प्रोफेसर सुमित होम चौधरी ने अपने संबोधन में वैज्ञानिकों के बीच इनरैक्शन पर जोर दिया उन्होंने कहा कि यह अंतर्क्रिया ही विज्ञान को नई दिशा प्रदान करती है और नए विचारों एवं सहयोग की नींव रखती है जन्तु विज्ञान विभाग के कार्यवाहक प्रमुख प्रोफेसर ए.के. सिंह ने जंतु विज्ञान विभाग की समृद्ध विरासत,वर्तमान शोध गतिविधियों,अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और प्रमुख उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न शोध क्षेत्रों जैसे एक्वेटिक बायोलॉजी,एंडोक्रिनोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी आदि का उल्लेख किया डीन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस प्रोफेसर राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों का बनारस शहर में स्वागत किया उन्होंने इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस की प्रमुख उपलब्धियों,राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सहयोग,उच्च गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों और अकादमिक उत्कृष्टता को विस्तार से बताया कुलपति बीएचयू प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा की आज के समय में हमें किसी भी विषय की सीमाओं से परे जाकर सोचना और कार्य करना होगा मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ठीक इसी दिशा में काम कर रहा है हमारे बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में भी इसी प्रकार का अंतर्विषयक दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है मैं सभी बाहर से आए हुए शोधकताओं से अनुरोध करता हूँ कि वे बीएचयू के विभिन्न विभागों का भ्रमण करें,प्रयोगशालाओं को देखें और भविष्य में संभावित सहयोग विकसित करें ।

## युवक का मोबाइल व व्हाट्सएप अकाउंट हैक।

**बुलंदशहर** /आवास विकास प्रथम क्षेत्र में एक युवक का मोबाइल फोन और व्हाट्सएप अकाउंट हैक होने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक राहुल पुत्र स्वर्गीय कैलाश चन्द्र ने बताया कि आज सुबह करीब 11 बजे किसी अज्ञात हैकर ने उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया। पीड़ित के अनुसार हैकर द्वारा उनके व्हाट्सएप अकाउंट से परिचितों को आपत्तिजनक फोटो और अढङ फाइल भेजी जा रही है। इस कारण कुछ लोगों ने नाराजगी जताते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। राहुल का कहना है कि फिलहाल उनका व्हाट्सएप अकाउंट बंद है, जिससे वह किसी से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। घटना से भयभीत पीड़ित युवक ने आवास विकास प्रथम चौकी में लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# आईआईटी बीएचयू में कार्डियक वैलनेस वर्कशॉप एमपावरिंग लाइफ सेविंग स्किल्स का पहला दिन सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी**:- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला कार्डियक वैलनेस वर्कशॉप एमपावरिंग लाइफ सेविंग स्किल्स 2026 का पहला दिन 29 जनवरी गुरुवार को सफलता पूर्वक संपन्न हुआ यह दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला मानविकी अध्ययन विभाग द्वारा स्किल सेंटर आईएमएस बीएचयू के सहयोग से आयोजित की जा रही है कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रो.एस.एन.संखवार निदेशक आईएमएस बीएचयू मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.ए.के.नेमा महासचिव विश्वविद्यालय खेल बोर्ड एवं पूर्व डीन छात्र कल्याण बीएचयू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे दोनों अतिथियों ने सीपीआर,प्राथमिक उपचार और कार्डियक वेलनेस तकनीकों के अभ्यास की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि ये तकनीकें आपात स्थिति में जीवन बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और प्रो.अमित पात्रा डायरेक्टर आईआईटी बीएचयू के संरक्षण में आज की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ कार्यशाला में प्रो.राजेश कुमार मीणा (प्रोफेसर इंचार्ज स्किल सेंटर,आईएमएस बीएचयू) तथा प्रो.कविता मीणा (एनेस्थीसिया विभाग आईएमएस बीएचयू) मुख्य विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे प्रथम सत्र में विशेषज्ञों ने मैनिकिन पर सीपीआर की व्यावहारिक जानकारी, डेमोंस्ट्रेशन और सुरक्षा सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला जिससे प्रतिभागियों को जीवन रक्षक तकनीकों की ।

## विवाहिता पर दहेज के लिए मारपीट व हत्या के प्रयास का आरोप, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**कांधला**। संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बा निवासी एक विवाहित महिला ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, मानसिक उत्पीड़न, कपड़े फाड़ने और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर एसपी शामली के आदेश से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़िता ने एसपी शामली एन.पी. सिंह को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी 22 सितंबर 2023 को राहुल कुमार पुत्र देशपाल, निवासी ग्राम खेड़ा गदाई, थानाभवन के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद पति और ससुराल पक्ष के लोग कार की मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर पति सहित ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में रह रही थी। पीड़िता का कहना है कि 6 नवंबर 2025 को जब वह अपने मायके में थी, तभी उसका पति राहुल, ससुर देशपाल समेत बलेश, संदीप, बबीता, गौतम, रिया, जितेंद्र, मिथिलेश, विपिन व एक अन्य संदीप वहां पहुंचे और आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने एकराय होकर उसके गले में दुपट्टा डालकर हत्या का प्रयास किया तथा उसके कपड़े भी फाड़ दिए। घटना की शिकायत उसने थाने में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच व तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अभियोग दर्ज कर लिया गया जल्दी जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की कृपा हमेशा इसी संस्थान पर रही है - निर्यापक मुनिश्री समता सागर

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :-निर्यापक मुनिश्री समता सागर महाराज, मुनिश्री पवित्र सागर महाराज मुनिश्री पूज्य सागर महाराज मुनिश्री अतुलसागर महाराज स संघ तथा ज्येष्ठ आर्यिका रत्न गुरुमति माताजी एवं आर्यिकारत्न दृणमतिमाताजी ने स संघ नरिया दि.जैन मंदिर एवं श्री गणेश प्रसाद बर्णी संस्थान में पधारे एवं संपूर्ण क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा संस्थान के कक्ष को देखा एवं सभी दृष्टिओं तथा पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान किया इस अवसर पर मुनिश्री ने कहा कि आज प्रातःकाल भेलूपुर मंदिर से नरिया मंदिर जाते समय खुजवां जिनालय की बंदना की यंहा पर भगवान श्री अजितनाथ मूलनायक के रुप में विराजमान है आकर के बहुत अच्छा लगा बहुत ही मनोज्ञ प्रतिमा है ऐसे जिन विम्वों के दर्शन करने से विशुद्धता आती है वह सम्यकदर्शन का कारण बनता है उन्होंने कहा कि जिन वंधुओं ने इस मंदिर को तैयार किया है वह सभी आशीर्वाद के पात्र है इसके पश्चात मुनिसंघ एवं आर्यिका संघ नरियां दिगम्वर जैन मंदिर पहुंचे इस अवसर पर मुनिश्री समतासागर महाराज ने कहा कि बनारस से हमारे गुरुदेव आचार्य विद्यासागर जी महाराज के गुरु आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज का गहरा सम्वंध रहा है उन्होंने अपने ग्रहस्थ जीवन का भाग इसी बनारस नगरी में गुजारा है उनकी अध्यन में बहूत रुची थी वह बहुत स्वाभिमानी व्यक्तित्व के धनी थे समाज ने उनको सहायता प्रदान करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया बल्कि यंहा पर गमछा बेचकर अपना गुजारा किया मुनिश्री ने कहा कि नरिया मंदिर आकर के मुख्य मंदिर एवं 24 जिनालय एवं समवसरण मंदिर के दर्शन किये बहूत अच्छा लगा मुनिश्री पवित्र सागर जी एवं मुनिश्री पूज्य सागर मुनिश्री अतुल सागर स संघ तथा ज्येष्ठ आर्यिका रत्न गुरुमति माताजी एवं दृणमति माताजी स संघ संस्थान में पधारी उन्होंने संस्थान के कक्ष को देखा एवं सभी ट्रस्टीओं तथा पदाधिकारियों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा यही से आहार चर्या संपन्न हुई,यंहा पर संस्थान के प्रोफेसर अशोक कुमार जैन ने बताया इस संस्थान को पंडित फूलचंद सिद्धांत शास्त्री ने स्थापित किया यंहा पर बड़े बड़े मौलिक ग्रंथों का तथा सिद्धांत ग्रंथों तथा व्याख्यान माला का आयोजन निरंतर चलता रहता है इस अवसर पर मुनिश्री समतासागर महाराज ने कहा कि बनारस से हमारे गुरुदेव आचार्य विद्यासागर जी महाराज के गुरु आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज का गहरा सम्वंध रहा है उन्होंने अपने ग्रहस्थ जीवन का भाग इसी बनारस नगरी में गुजारा है उनकी अध्यन में बहुत रुची थी वह बहुत स्वाभीमानी व्यक्तित्व के धनी थे समाज ने उनको सहायता प्रदान करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने उसे स्वीकार नहीं किया बल्कि यंहा पर गमछा बेचकर अपना गुजारा किया मुनिश्री ने कहा कि नरिया मंदिर आकर के मुख्य मंदिर एवं 24 जिनालय एवं समवसरण मंदिर के दर्शन किये बहुत अच्छा लगा

## घने कोहरे के चलते दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत



वेलकम इंडिया

**कांधला** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर घने कोहरे के चलते दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। कारों की भिड़ंत में दोनों कार चालक मामूली रूप से घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। कस्बे के रेल मंडी निवासी अजय गुरुवार को अपनी वेगनआर कार में सवार होकर दिल्ली बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी बीच शामली की ओर से अपनी बलेनो कार में सवार होकर आ रहे जनपद बागपत के गांव हेवा निवासी अंकुर की कार से आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घने कोहरे के चलते हुई कारों की भिड़ंत में दोनों कारों के चालक मामूली रूप से घायल हो गए। समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत कथा से पूर्व नगर में निकली भव्य कलश यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

वेलकम इंडिया

**जहाँगीराबाद/** मन्दिर स्थित परशुराम भवन शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर का भ्रमण किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा का आयोजन धनी सिंह मन्दिर स्थित परशुराम भवन शिव मंदिर, में किया गया है। कथा के कथा व्यास एवं प्रवक्ता पं. युवराज नंदन जी महाराज हैं। कलश यात्रा में भजन-कीर्तन और जयघोष से नगर गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान बीना देवी परीक्षित के रूप में सुदेश भारद्वाज, अनीता भारद्वाज रहे, मुकेश शर्मा, पिंकी शर्मा, राकेश अत्री, ज्योति शर्मा, विक्की शर्मा, मोनिका शर्मा, श्रीराम शर्मा, महीपाल लोधी, डॉ.सूरजभान माहुर, सतीश शर्मा, गौरव अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मनोज ओझा पत्रकार, रोहित पहाड़ी, मोहित शर्मा (पूर्व सभासद), संजय सैनी (सभासद), अनुराग पंडित, सचिन गोस्वामी, रवि गोस्वामी, सचिन सैनी, अरविंद मीणा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन के आवास पर चार दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया



**कांधला**। संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर देहात क्षेत्र से प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन के आवास पर चार दिवसीय निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। गुरुवार को कैंप का प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन ने फीता काटकर किया।मेडिकल कैंप में क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। कैंप में सामान्य रोग, बुखार, ब्लड प्रेशर, शुगर, जोड़ों के दर्द सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई।जांच के उपरांत मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।कैंप में डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया। जांच कर उन्हें निशुल्क दवाई वितरित की गई।जरूरतमंद लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कैंप गरीब व मजदूर वर्ग के लिए बेहद लाभकारी साबित होते हैं।इस दौरान प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन ने कहा, क्षेत्र की जनता की सेवा करना ही हमारा उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए यह निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया है,ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर इलाज और दवाइयां मिल सकें। आगे भी इस तरह के जनसेवा के कार्य लगातार किए जाते रहेंगे।कैंप के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता, क्षेत्रीय लोग एवं समर्थक भी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर टीचर सहित तीन घायल

वेलकम इंडिया



**कांधला**। संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के खंद्रावली चौकी के समीप स्कूटी और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनो वनों की टक्कर में स्कूल के टीचर सहित दो युवक घायल हो गए 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुजरान निवासी संजो पुत्री रामचंद्र कैराना क्षेत्र के गांव अलीपुर में सरकारी स्कूल में टीचर है। छुट्टी के बाद टीचर अपनी स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव आ रही थी जैसे ही वह थाना क्षेत्र के खंद्रावली चौकी के समीप पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रहे हैं बाइक सवार गांव लिलोन निवासी बादल व निखिल की बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर में बाइक सवार दोनों युवक एवं स्कूटी पर सवार टीचर घायल हो गई। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखे जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# नालों की सफाई न होने से बिजली घर मार्ग कीचड़ से लबालब, ग्रामीणों का प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**कांधला**। संवादाता मोहसिन रहमानी देहात क्षेत्र के बिजली घर मार्ग पर नालों की नियमित सफाई न होने के कारण भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर पानी और कीचड़ फैल जाने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से समस्या झेल रहे मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने गुरुवार को हंगामा व प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से निस्तारण की मांग की है।प्रदर्शन में शामिल सालिम, सोयब, मोनू, आरिफ, प्रवेज, नसीम, नफैदीन, मामूदीन, कालू, नदीम, सोहेल सहित अन्य लोगों ने बताया कि क्षेत्र के नालों की सफाई लंबे समय से नहीं कराई गई है। इसके चलते मामूली बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। दो दिन पूर्व हुई बरसात के बाद सड़क पर गंदा पानी और कीचड़ फैल गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि कीचड़ और जलभराव के कारण स्कूली बच्चों को भी गंदगी के बीच होकर स्कूल जाना पड़ रहा है, जिससे हादसे और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम प्रधान और विकासखंड स्तर के अधिकारी समस्या के समाधान को तैयार नहीं हैं।आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नालों की सफाई कराकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। अंत में सभी ग्रामीणों ने जिलाधिकारी शामली से शिकायत कर बिजली घर मार्ग पर नालों की सफाई कराने और सड़क को जलभराव से मुक्त कराने की मांग की है।

## चकबंदी को लेकर ग्रामीणों में मतभेद, विरोध के बीच लौटे अधिकारी

वेलकम इंडिया



**कांधला**। संवादाता मोहसिन रहमानी विकासखंड क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर स्थिति असमंजस बनी हुई है। गुरुवार को चकबंदी विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याएं और राय जानने के लिए गांव के प्राथमिक विद्यालय पहुंचे, जहां सैकड़ों किसानों ने हाथ उठाकर चकबंदी के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि, कई किसानों ने चकबंदी कराने के समर्थन में भी अपनी राय रखी। क्षेत्र के गांव ताहरपुर भभीसा में बीते लगभग एक वर्ष से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान ज्यादातर किसानों द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है, वहीं उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्रों में भी चकबंदी नहीं कराने की मांग की गई है, जिसके चलते मामला अब तक उलझा हुआ है।

गुरुवार को चकबंदी विभाग के एसीओ अंकुर पाल, कानूनगो जगवीर सिंह और लेखपाल मनीष कुमार ग्रामीणों से संवाद करने पहुंचे। बैठक के दौरान सैकड़ों किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि गांव में किसी भी सूरत में चकबंदी स्वीकार नहीं की जाएगी। दूसरी ओर, कई किसानों ने चकबंदी को गांव के हित में बताते हुए इसका समर्थन किया। दोनों पक्षों के बीच बहस भी हुई, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। विरोध के बीच चकबंदी विभाग के अधिकारी बिना किसी निर्णय के वापस लौट गए। इस संबंध में एसीओ अंकुर पाल ने बताया कि वे उच्च अधिकारियों के आदेश पर किसानों की राय जानने पहुंचे थे। गांव में चकबंदी को लेकर अलग-अलग मत सामने आए हैं। गांव में किसानों के दो पक्ष आमने-सामने हैं। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रोहित कुमार, विकास कुमार, संजीव जावला, विनीत कुमार, मोहित, मनीष, शेखर शर्मा, बिजेंदर, राजकुमार, लोकेश, लोकेंद्र, रविंद्र, नरेंद्र, राहुल, कृष्णपाल, बृजपाल, राजवीर सहित आदि मौजूद रहे।

# ब्राह्मण संगठन का यूजीसी बिल को लेकर प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**लखनऊ,** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी 2026 बिल के विरोध में बुधवार को ब्राह्मण परिवार लखनऊ/भारत (रजि.) के नेतृत्व में राजधानी लखनऊ के जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा, हजरतगंज पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में ब्राह्मण परिवार एवं सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों, विशेषकर युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु पांडेय ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जो सरकार स्वयं को हिंदुओं की प्रतिनिधि बताती थी, वही आज समाज को बाँटने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज की सबसे बड़ी गलती यही रही कि उसने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर अपना वोट दिया और आज उसी का दुष्परिणाम भुगत रहा है। पांडेय ने चेतावनी दी कि यदि यह ҈काला बिल҈ शीघ्र वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज करते हुए जंतर-मंतर, दिल्ली की ओर कूच किया जाएगा। वहीं, ब्राह्मण परिवार संगठन के प्रवक्ता अभिषेक अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी संशोधन से सवर्ण समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार के अनुशासनहीन लोकतांत्रिक निर्णयों से उच्च शिक्षा के मंदिर–सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों–में भय का माहौल जानबूझकर बनाया जा रहा है। अग्निहोत्री ने सवाल उठाया कि 21वीं सदी में किसी व्यक्ति को उसके जन्म के आधार पर बेबुनियाद आरोपों में अपराधी कैसे ठहराया जा सकता है? उन्होंने चेतावनी दी कि यह कानून हिंदू समाज को विभाजित करने की गहरी साजिश का हिस्सा है, जिसका सरकार को जवाब देना होगा, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यूजीसी बिल के विरोध में खड़े सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं सवर्ण नेताओं के विरुद्ध यदि कोई द्वेषपूर्ण कार्रवाई की गई, तो ब्राह्मण परिवार एवं सवर्ण समाज इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा और उनकी ससम्मान पदों पर वापसी सुनिश्चित कराई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष श्याम नारायण मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि भाजपा यह समझती है कि उसके पास कोई विकल्प नहीं है, तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट गेट पर विभिन्न मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन।

**बुलंदशहर।** अपनी लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चे के बैनर तले गुरुवार को कलेक्ट्रेट गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले, सैकड़ों कार्यकत्रियाँ काला आम चौराहे स्थित राजा बाबू पार्क में एकत्रित होकर बैठक की और अपनी रणनीति तय की। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की प्रमुख मांगें समय पर वेतन भुगतान, राज्य कर्मचारी का दर्जा, मोबाइल और इंटरनेट जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, पदोन्नति में पारदर्शिता, किराए के भवनों का सीधे भवन मालिक को भुगतान, और वर्षभर गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार सुनिश्चित करना हैं। सावित्री गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, ने कहा, वेतन कोई भिक्षा नहीं बल्कि हमारा अधिकार है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से हर काम लिया जाता है।

# कांवड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** नगीनाआगामी कावड यात्रा को लेकर प्रशासन संपर्क, उपजिलाधिकारी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस से संबंधित विभागों के कर्मचारियों को साथ लेकर क्षेत्रान्तर्गत कांवड़ यात्रा मार्गो का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम आगामी विजय शंकर मिश्रा ने पुलिस क्षेत्राधिकार अंजनी कुमार, थाना प्रभारी अवनीश मान, नगर पालिका के हेड क्लर्क इफ्तिखार जेदी, के संघ बुधवार की देर शाम बढ़ापुर रायपुर तिहारी बाईपास से लेकर नगर क्षेत्र के श्री कृष्ण गौशाला सैयदवाडा, पहाड़ी दरवाजा बाजार, साहुवान बाजार, खोखरन्नाथ जी मंदिर, जामा मस्जिद चौक, बारादरी बाजार, श्री मुक्तेश्वर नाथ जी मंदिर, मोहल्ला बिश्नोई सराय, तक कावड़ मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कावड मार्गो में हो रहे गहरे गहरे को गढ्ढो को तत्काल मरम्मत करने मार्गो पर विशेष सफाई और लाइट व्यवस्था कराई जाने के शक्त निद्रेश दिए। एसडीम विजय शंकर मिश्रा ने कहां के शिव भक्त कावड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए उन्होंने पुलिस क्षेत्र अधिकारी अंजनी कुमार चतुवेर्दी थाना प्रभारी अवनीश मान को शिव भक्त कांवरियों की सुरक्षा हेतु कावड़ मार्गो पर पुलिस टीम की ड्यूटी लगाने ओर गस्त बढ़ाने को कहा, साथ ही आगामी धार्मिक त्योहारों के दृष्टिगत रखते सतर्कता बर्तने को कहा।

## किरतपुर पुलिस ने 48 घंटे में किया चोरी का खुलासा,आरोपी सामान सहित गिरफ्तार।



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर** किरतपुर ।थाना किरतपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 48 घंटे के भीतर घर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को चोरी किए गए आभूषणों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 जनवरी 2026 को वादी रवि पुत्र सुखराम सिंह, निवासी ग्राम भोजपुर थाना किरतपुर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर नगदी और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। तहरीर के आधार पर थाना किरतपुर में मु०अ० सं० 22/ 2026 धारा 305 (ए)/331 (4)/317 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर टीम गठित की गई थी 28 जनवरी को पुलिस टीम ने सक्रिय कार्यवाही करते हुए घटना का खुलासा कर दिया जांच के दौरान ग्राम भोजपुर निवासी हिमांशु पुत्र तपेश को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले रवि के परिवार में शादी की तैयारी चल रही थी और घर में जेवरात होने की जानकारी उसे थी ।घटना के दिन वह रवि के घर गया और मौका पाकर अलमारी का ताला तोड़कर जेवरात चोरी कर ले गया।

# यूजीसी के निर्णय के विरोध में क्षत्रिय राजपूत सभा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**जनपद बिजनौर** के नजीबाबाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (वऋृउ) द्वारा हाल ही में लिए गए निर्णयों को लेकर देशभर में बढ़ते विरोध की गूँज अब तहसील मुख्यालयों तक पहुँचने लगी है। गुरुवार, 29 जनवरी को जिला क्षत्रिय राजपूत सभा के बैनर तले बड़ी संख्या में समाज के लोग तहसील पहुंचे और यूजीसी के विवादास्पद फैसलों के खिलाफ हुंकार भरी ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जुटे कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी (रऊट) शैलेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार और यूजीसी से इस निर्णय पर तत्काल पुनर्विचार करने की मांग की गई है। योग्यता और संवैधानिक गरिमा पर प्रहार का आरोप ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि यूजीसी का वर्तमान निर्णय देश की शैक्षणिक व्यवस्था में गंभीर असंतुलन पैदा करने वाला है। राजपूत सभा का तर्क है कि यह नया कानून योग्यता, कड़े परिश्रम और समान अवसर की संवैधानिक भावना के विपरीत है। संगठन ने आशंका जताई है कि इस कानून के दुरुपयोग से सामान्य वर्ग के प्रतिभावान छात्रों के भविष्य को राजनीतिक विद्वेष का शिकार बनाया जा सकता है, जिससे शिक्षाविदों और अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है विरोध किसी वर्ग से नहीं, बल्कि नीति से है प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पुखराज सिंह चौहान ने कहा, ₹हमारा विरोध किसी विशेष वर्ग या अधिकारी के विरुद्ध नहीं है, बल्कि हम न्यायपूर्ण और योग्यता-आधारित शिक्षा व्यवस्था के संरक्षण की लड़ाई लड़ रहे हैं। शिक्षा नीति में किसी भी तरह का असंतुलन समाज में वैमनस्य पैदा करेगा, जो राष्ट्रहित में नहीं है।

## नगर कोतवाली पुलिस ने फर्जी जज व एसएचओ बनकर एनआरआई को ठगने वाले गिरोह किया पर्दाफाश



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार पांडेय की पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए फर्जी जज और नकली एसएचओ बनकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को दबोचा है पुलिस के द्वारा मोहम्मद शाद सिद्दीकी,मोहम्मद आतिफ और मौअज्जम नाम के शातिरों को गिरफ्तार किया गया है। इन शातिर अपराधियों ने विदेश में कार्यरत एक रेडियोलॉजिस्ट को फर्जी कानूनी मामलों में फंसाने की धमकी देकर पिछले तीन महीनों में पांच लाख तीस हजार रुपये की धोखाधड़ी की थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों के पास से फर्जी एफआईआर की कॉपी,तीन फर्जी वारंट,मोबाइल फोन और एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत इच्छुक पंजीकृत संस्था/ट्रस्ट परियोजना/कार्यक्रम संचालन हेतु 31 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़** जनपद में सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम,1995 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम,2016 के अधीन पंजीकृत गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाये ट्रस्ट के द्वारा अर्ली इणटरवेंशन सेणटर, डे केयर

सेणटर / प्री-प्राइमरी स्कूल, प्राइमरी स्कूल स्तर के विशेष विद्यालयों का संचालन, जूनियर हाई स्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों का संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेड तथा न्यूनतम 02 ट्रेड) एवं पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों की परियोजनाओं / कार्यक्रमों के संचालन में सहायता अनुदान देते हुए योजना के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में आवेदन पत्र मॉगे गये हैं। उक्त के क्रम में जनपद में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत इच्छुक पंजीकृत संस्था / ट्रस्ट परियोजना / कार्यक्रम संचालन हेतु निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण कर हार्ड कापी 2 प्रतियों में 31 जनवरी तक विकास भवन में कक्ष सख्या-16 में स्थित अधोहस्ताक्षारी कार्यालय में जमा कराना सुनिशिचत करें योजना का विस्तृत विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय वेबसाइट ॅ३३स्र२://४स्र्६ि.ङ्क५.ल्ला डाउनलोड अथवा अधोहर्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया माह जनवरी,2026 का किसान दिवस

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़** जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में प्रातः 10.00 बजे से किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो के द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक हापुड़ के द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। गतमाह दिसम्बर, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्वन्धी विस्तृत विवरण से सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। आज किसान दिवस में विभिन्न कृषको के द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। जिलाधिकारी महोदय हापुड़ द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों / प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, हापुड़ कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# गृह मंत्रालय के सम्मान से नवाजे गए थाना प्रभारी जय भगवान

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर जनपद** के थाना हीमपुर दीपा प्रभारी निरीक्षक जय भगवान को गृह मंत्रालय भारत सरकार से अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से नवाजा गया है। पुलिस विभाग में सराहनीय सेवाओं के लिए जय भगवान को मिले सम्मान मेडल ने पुलिस विभाग का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है पुलिस लाइन बिजनौर में गणतंत्र दिवस परेड के भव्य समारोह के दौरान भाजपा के जिला प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने हीमपुर दीपा थाने में तैनात प्रभारी निरीक्षक जय भगवान को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानि किए जाने पर पुलिस विभाग में खुशी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जय भगवान ने बताया कि इससे पूर्व उन्हें 2003 में बेदाग सेवा कार्य करते हुए सराहनीय सेवा पदक, 2012 में उत्कृष्ट सेवा पदक तथा 2022 में पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा रजत पदक से नवाजा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक वर्ष 1988 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। उसके बाद उन्होंने वर्ष 2003 में प्रांतीय परीक्षा पास कर मुख्य आरक्षी तथा वर्ष 2007 वर्ष में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा पास की तथा निरीक्षक पद के तहत प्रमोशन पाया। उनकी वर्ष 2018 में निरीक्षक पद पर प्रोन्नति हुई।

# एलईडी, साइकिल, पंखा और मैडल पाकर खिले खिलाड़ियों के चेहरे

वेलकम इंडिया





**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी राधाकुंड के पीठाधीश्वर महंत बाबा केशव दास महाराज, पूज्य संत सोमदत्त दीक्षित ठाकुर जी महाराज, रालोद प्रदेश उपाध्यक्ष कुंवर नरेंद्र सिंह, डायरेक्टर नंद किशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा ने गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं आरती उतारकर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज और पूज्य संत सोमदत्त दीक्षित ठाकुर जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा की श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय ने खेलों के द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का मनोबल ऊंचा किया है, इसके लिये महाविद्यालय प्रशंसा का पात्र है। और दोनों संतजनों ने बृज की महिमा के भजन सुनाकर सबको मोहित कर दिया। विशिष्ट अथिति कुंवर नरेंद्र सिंह ने कहा कि युवा प्रतिभा महोत्सव ग्रामीण क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का माध्यम है।

अतिथियों ने विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, मैडल, सम्मान पत्र और नगद पुरस्कार बांटे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में श्री मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर गोवर्धन के छात्र देवेश सिंह ने प्रथम पुरुस्कार एलईडी टीवी, श्री रामसिंह इंटर कॉलेज राल के छात्र गोविंद ने द्वितीय पुरुस्कार रेंजर साईकल, राधा माधव इंटर कॉलेज सतोहा की छात्रा पूजा शर्मा ने तृतीय पुरुस्कार तूफान फैन जीतकर प्राप्त किया। वही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 121 सांत्वना पुरस्कार विभिन्न इंटर कॉलेजों के छात्र छात्राओं को वितरित किये गये। प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार शर्मा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संचालन प्रशासनिक अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट खेलकूद प्रभारी दिलीप यादव ने संयुक्त रूप से किया। सतीश शर्मा विपुल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। आगुन्तक अथितियों में राम मोहन लवानियां, हरिशंकर उपाध्याय, दिनेश यादव, दिनेश त्रिपाठी, प्रेमपाल सिंह, नरेंद्र सिंह रजावत, राकेश पचौरी आदी उपस्थित रहे। वही महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों में टीकम सिंह राजावत, विष्णुकांत शर्मा, दिनेश कौशिक, बालकृष्ण सैनी, पवन कुमार, कुमरपाल सिंह, जयप्रकाश कुंतल, भानु अग्रवाल, हारून, चंद्रशेखर जोशी, प्रकाश सिंह, मोनिका भारद्वाज, याचना शर्मा, अर्चना माथुर, नीलम, बुलबुल कौशक आदि उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर थाना प्रांगण में बैठक हुई आयोजित।

**रामघाट/बुलंदशहर/** गुरुवार को रामघाट में महाशिवरात्रि मेला को लेकर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रामघाट थाना प्रांगण बैठक हुई संपन्न ।मेला को लेकर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई बैठक में एसडीएम सीओ मधुप कमार सिंह थाना प्रभारी संदीप सिंह सिंचाई विभाग अंकित सिंह विद्युत विभाग संदीप कुमार राजस्व लोक निर्माण विभाग पशु पालन विभाग जिला पंचायत से राजकुमार विभाग सहित महाशिवरात्रि मेला से संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकताओं ने यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा लाए जा रहे ये बदलाव समाज के हितों के अनुकूल नहीं हैं और इससे युवाओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। महासभा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मोदीनगर संरक्षक एस एम राठौर, यश करण सिंह सेंगर, देवेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष ठाकुर यशदीप सिंह राघव, मनोज चौहान, डॉक्टर मनोज चौहान, मोनू चौहान, रविकांत सिंह , सुनील राजपूत , लीलू सिंह चौहान, दीपक कठेरिया, मोहन सिंह पुंडीर, रवि करण सिंह ,जितेंद्र छोकर, ललित कठेरिया ,अमित चौहान, बलदेव सिंह , प्रवीण सिसोदिया आदि गणमान्य लोग रवि राघव सुभम शर्मा सोनू ठाकुर प्रताप राणा सचिन शर्मा दीपक, भव्य अजय चौहान, रवि सूर्यवंशी सोनू चौधरी, अक्की, राहुल शर्मा, विक्की, पोपी, आर्यन, प्रशांत, आशीष पुंडीर अमित चौहान उपस्थित रहे।

## बजरंग दल के कार्यकताओं को मिली धमकी

**मोदीनगर।** मोदीनगर थाने क्षेत्र के बजरंग दल संयोजक शुभम शर्मा को लगातार जिहादियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। आरोप है कि अभी 2 दिन पूर्व में उन्होंने व संगठन से जुड़े लोगों द्वारा एक असामाजिक तत्व के द्वारा सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने के उद्देश्य एक वीडियो पोस्ट की गई थी। इसमें आई लव मोहम्मद और जंग हुए तो हम सबसे आगे खड़े मिलेंगे जैसे आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग किया। जिसकी सूचना शुभम शर्मा व बजरंग दल के कार्यकताओं के द्वारा पुलिस प्रशासन को दी गई। उसके बाद से ही शुभम शर्मा को मोबाइल पर उन्हें व संगठन के लोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। आरोप है कि एक व्यक्ति फोन पर यह बोलता है तुम बजरंग दल वालो का हम सही से इलाज करेंगे। जब तक तुम्हारे में से 1,2 मरेंगे नहीं, तुम सुधरोगे नहीं। जिसकी सूचना आज संगठन के लोगों ने पुलिस प्रशासन को दी है।

# समरफील्ड पब्लिक स्कूल में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** इनर व्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट द्वारा समरफील्ड पब्लिक स्कूल में एक वाद - विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 9वी और 11वी क्लास के स्टूडेंट्स ने बड़े उत्साह से भाग लिया। सभी स्टूडेंट्स ने ए आई के पक्ष और विपक्ष में एवं सोशल मीडिया के पक्ष और विपक्ष में) अपने विचार व्यक्त किए। क्लब की ओर से दोनों विषयों पर प्रथम द्वितीय व द्वितीय पुरस्कार दिए । इनर व्हील लोगों वाले स्कूल बैग, सर्टिफिकेट, पेन भेंट किए। सभी पार्टिसिपेंट्स को सर्टिफिकेट पेन भेंट किए। हम स्कूल प्रिंसिपल श्रीमति रश्मि जी एवं सभी टीचर्स का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने आज का कार्यक्रम बड़े उत्साह से संपन्न कराया। आज क्लब प्रेसिडेंट नीता माहेश्वरी, सेक्रेटरी रेनू गुप्ता एवं अनुपम माहेश्वरी ने इस प्रोजेक्ट को संपन्न कराया।

## वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत महेंद्र का बीमारी के कारण निधन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर के वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत महेंद्र गुरुवार सुबह स्वर्गवास हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकार जगत, व्यापारी वर्ग, समाजसेवी, नेतागण व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार हापुड़ रोड स्थित श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान मोदीनगर के गणमान्य लोगों सहित पत्रकारों ने पहुंचकर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत अपने जीवन काल में कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों से जुड़े रहे। वह राष्ट्रीय समाचार पत्र हिंदुस्तान, नवभारत टाइम्स, हिंदुस्तान न्यूज एजेंसी, समाचार भारती, वीर अर्जुन आदि में अपनी सेवा प्रदान की। इसके अलावा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र पंजाब केसरी के 40 वर्षों से भी अधिक समय से मोदीनगर के संवाददाता के रूप में कार्यरत थे। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी एक विशिष्ट पहचान रही। उनका जाना पत्रकार जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान दें। अंतिम संस्कार के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच, मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश शर्मा, प्रदीप कंसल, पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर, सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र शर्मा, पराग जैन, सुदेश जैन, नरेश एलोरा, अरुण खन्ना, निर्दोष खटाना, परवीन खटाना, संजय नैयर, राजकुमार ढींगरा, देवेंद्र ढींगरा, रमेश खुराना, पत्रकार सुभाष शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा, योगेश गौड़, अनिल वशिष्ठ, अनिल मित्तल, अयूब खान, अनवर खान, संजय तिवारी, राजकुमार शर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, विनय अग्रवाल आदि के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# आउटकम बेस्ड एजुकेशन पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद ,( अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय ह्लआउटकम बेस्ड एजुकेशनह्व था, जो 27झ28 जनवरी 2026 को संस्थान परिसर में आयोजित हुआ। इस एफ. डी. पी. के मुख्य वक्ता डॉ. बलविंदर सिंह धालीवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, एन. आई. टी. टी. टी. आर., चंडीगढ़ रहे। उन्होंने आउटकम बेस्ड एजुकेशन की अवधारणा, कोर्स आउटकम, प्रोग्राम आउटक एवं उनकी प्रभावी मैपिंग, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी आधारित प्रश्नपत्र निर्माण और परिणाम उन्मुख मूल्यांकन पद्धतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लगभग 130 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्याख्यानों, चचाओं एवं इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से नई टीचिंग लर्निंग रणनीतियों से परिचित हुए। इस एफ. डी. पी. का उद्देश्य शिक्षकों को छात्र-केंद्रित, परिणाम आधारित शिक्षण पद्धतियों के लिए सक्षम बनाना तथा एक्रेडिटेशन एवं गुणवत्ता सुधार की आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना था। संस्थान के निदेशक डॉ बी सी शर्मा ने डॉ. धालीवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करते हैं। इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर प्रो लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, निदेशक डॉ बी सी शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर.के. यादव, डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह, एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती कालरा, लूबना सैफी, सौरभ सिंह, विकास त्यागी एवं बक्शीश सिंह का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा ।

# दो मनचलों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** मोदीनगर थाने क्षेत्र के अलग अलग दो स्थानों पर छात्राओं को छेड़ने वाले दो मनचलों को जनता ने पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया ।जानकारी के मुताबिक थाने के सामने रेलवे रोड स्थित एक कॉलेज की छात्रा के साथ एक मनचला कई दिनो से पीछा कर अश्लील टिप्पणी कर रहा था, छात्रा की शिकायत पर आज उसका भाई उसे लेने पहुंचा। इसी बीच मनचले ने छात्रा के साथ छेड़खानी करने की कोशिश की। यह देख छात्रा व उसके भाई ने मनचले का विरोध किया तो वह सरेराह चाकू लेकर छात्रा के भाई के पीछे मारने दौड पडा। भाई शोर मचाता हुआ भागने लगा, यह देख राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए मनचले को दबोच लिया। और इस बीच पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस आरोपी मनचले को पकड़कर थाने ले गई ।वही दूसरी घटना रैपिड स्टेशन मोदी बाग के समीप घटी। मनचले ने छात्रा के भाई की ओर से विरोध जताने को लेकर पहले अपने साथियों के साथ मिलकर छात्रा के भाई को फोन करके बुलाया, फिर लाठी-डंडों से पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। दोनो प्रकरण में पुलिस जांच कर रही हैं।

## मेडिकल पालिसी दिलाने के नाम पर युवक से 31 हजार रुपए ठगे

वेलकम इंडिया

- आरोपी ने मेडिकल पॉलिसी कराने के नाम पर 30,780 रुपये ले लिए। जब उन्होने पॉलिसी बांड माँगा ओर जांच कराई तो पता करने पर कोई पॉलिसी नहीं होने की जानकारी मिली।

**मोदीनगर।** मुरादनगर निवासी एक युवक ने मेडिकल पालिसी दिलाने के नाम पर मेरठ निवासी युवक से 31 हजार रुपए ठग लिए। रुपए मांगने पर युवक ने जान से मारने की धमकी दे डाली।

पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही हैं। मेरठ के थाना इंचौली के गांव कस्तला शमशेर निवासी अंकुर शर्मा ने पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उनकी मुलाकात मुरादनगर निवासी एक युवक से हुई। आरोपी ने मेडिकल पॉलिसी कराने के नाम पर 30,780 रुपये ले लिए। जब उन्होने पॉलिसी बांड माँगा ओर जांच कराई तो पता करने पर कोई पॉलिसी नहीं होने की जानकारी मिली। इसे लेकर जब उन्होने रुपये वापस मांगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस धोखाधडी के इस मामले में आरोपी की धरपकड़ में जुटी हैं।

# हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** पीतल नगरी नगर मे हिंदू सम्मेलन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाब बाड़ी में संपन्न हुआ। जिसमें *मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर रूपेश जी महाराज व मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार और विशिष्ट अतिथि आरूषी माहेश्वरी की उपस्थिति रही साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की गई सम्मेलन में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया । इस मौके पर करण सिंह संरक्षक, देशराज, संजीव दुबे अध्यक्ष, रामवीर यादव उपाध्यक्ष, सतीश सक्सेना सचिव, सौरभ जी उपसचिव, रमेश सैनी कोषाध्यक्ष, धन सिंह सदस्य, चंद्रपाल कश्यप, नरेश गोस्वामी, चंद्रपाल गोला, राजेंद्र सैनी, महावीर पासी, संदीप, सोमपाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# एक दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर नीलकंठ रिज़ॅरट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ गौतम सिँह लम्बरदार द्वारा स्थानीय परिसर वेलकम सिटी मुरादाबाद रोड नूरपुर मे एक दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बृहाकुमारी ईश्वरीय आश्रम नूरपुर ईकाई की संचालिका रीता दीदी ने अपने आशीर्वाद और अतिथियो को सम्मानित किया। इस शिविर मे नीलकंठ रिज़ॅरट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ गौतम सिँह लम्बरदार ने लगभग 150 मरीजो की निशुल्क जांच की और उन्हे निशुल्क परामर्श और दवाईया वितरित की। शिविर मे योगाचार्य राजीव त्यागी द्वारा रोगियो को बीमारियो को योग द्वारा नियंत्रित करने तथा शुद्ध जीवन-शैली अपनाकर रोगो से कैसे वचा जाये आदि परामर्श दिये गये। शिविर मे मुख्य रूप से डॉ गौतम सिंह लम्बरदार द्वारा प्रत्येक रोगी की स्वास्थ्य जांच जैसे बीपी, शुगर, आक्सीजन लेबल, फेफडो की बीमारियो से सम्बंधित जाच- पी एफ टी, लीवर से सम्बंधित जांच -एल एफ टी आदि आदि कर रोगियो को निशुल्क परामर्श और निशुल्क दवाई दी । नीलकंठ रिज़ॅरट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ गौतम सिँह लम्बरदार ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक वर्ग और व्यक्ति तक सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

# भारतीय किसान यूनियन द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा नगर में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर चौधरी चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें किसानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा किसानों ने एकता का प्रदर्शन किया। ट्रैक्टर यात्रा जिओ पेट्रोल पंप के सामने (ब्लॉक कार्यालय) से प्रारंभ होकर नगर में शांतिपूर्वक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, चौधरी शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, गौतम सिंह, कोकिल चौधरी, बरम सिंह, लोकेश कुमार, समर पाल सिंह, कल्याण सिंह, निपंदर कुमार, बबलू कुमार, शेर सिंह, अमित कुमार आदि किसान रहे।

# राजा का तताजपुर के चौक बाजार में तिरंगा फहराया गया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** राजा का ताजपुर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर चौक बाजार में तिरंगा फहराया गया। बाजार में ग्राम प्रधान फरहाना परवीन मुख्य अतिथि रही, जिनके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठ में पढ़ रही वरेण्या कृष्णा सरोहा पुत्री दीपक कुमार सरोहा ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और अपने भाषण में मातृभूमि और अपने सैनिकों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरहद पर हमारे सैनिक हमारी सुरक्षा करते है, लेकिन हम सभी अपने स्वार्थ को सिद्ध करने में लगे हैं। 26 जनवरी एक राष्ट्रीय पर्व है, इन पर्वों पर ही हमें देशभक्ति याद आती है, जबकि हम भूल जाते है कि देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम सिर्फ सैनिकों के लिए ही नहीं है बल्कि सभी नागरिकों के लिए हैं। हम सभी की ये नैतिक जिम्मेदारी है, जिसको हमें स्वयं समझना चाहिए। आज सभी अपने बच्चों को लौकिक शिक्षा तो दे रहे है लेकिन राष्ट्रभावना के बारे में जानकारी नहीं देते है। जबकि राष्ट्र पहले होना चाहिए, कुछ देश है जहां पर प्रत्येक नागरिक अपने को सैनिक समझता है। आज हम सभी को ये संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने राष्ट्र को सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में डॉ रोहताश सिंह, प्रकाश चंद, डॉ राजपाल सिंह, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा की जा रही जनसुनवाई में लगातार प्रार्थियों की संख्या बढ़ रही है, जिससे आमजन का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

जनता दर्शन के दौरान राजस्व, दिव्यांगजन कल्याण, विद्युत, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति, पशुपालन, समाज कल्याण, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना, उनसे पूर्व में किए गए प्रयासों की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का समाधान पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां मौके पर जाकर जांच की जाए और शिकायतकर्ता से निस्तारण के बाद फीडबैक भी अवश्य लिया जाए, ताकि समाधान की गुणवत्ता बनी रहे। जनता दर्शन के दौरान लोनी क्षेत्र में सरकारी भूमि, विशेष रूप से गौशाला मीरपुर हिंदू सहित अन्य स्थानों पर अवैध कब्जे के मामलों पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने एसडीएम लोनी को निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए भूमि को शीघ्र कब्जा मुक्त कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में कहीं भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि से संबंधित मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करे।

# दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित राज कुमार गोएल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में 27 व 28 जनवरी को 'आउटकम बेस्ड एजुकेशन विषय पर दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक, छात्र-केंद्रित एवं परिणाम उन्मुख शिक्षण पद्धतियों से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. बलविंदर सिंह धालीवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, एन.आई.टी.टी.टी.आर., चंडीगढ़ ने आउटकम बेस्ड एजुकेशन की अवधारणा को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने कोर्स आउटकम (सीओएस), प्रोग्राम आउटकम (पीओएस) की प्रभावी मैपिंग, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी पर



आधारित प्रश्नपत्र निर्माण तथा परिणाम आधारित मूल्यांकन पद्धतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। ए$फ.डी.पी. में विभिन्न विभागों के लगभग 130 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। व्याख्यानों के साथ-साथ संवादात्मक सत्रों और चचाओं के माध्यम से प्रतिभागियों को नई टीचिंग-लर्निंग रणनीतियों से अवगत कराया गया, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप हैं और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार एवं एक्रेडिटेशन की आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कविता

युद्ध कभी भी हो सकता है,
तैयारी रखनी पड़ती है।
इस से बचा नहीं जा सकता,
ये जारी रखनी पड़ती है।

अपनी सीमाओं की रक्षा,
भूल गया जो वो पछताया।
दुश्मन हमलावर होता है,
निगरानी रखनी पड़ती है।

कमजोरी में जो फंस जाये,
उसका हाल बुरा होता है।
है दुनियाँ भूखे गिद्धों सी,
दमदारी रखनी पड़ती है।

आता तो है ये हर मन में,
ताकतवर होना अच्छा है।
दूर बदन से छोटी सी भी,
बीमारी रखनी पड़ती है।

कुछ आसान नहीं होता है,
आगे बढ़ सरदारी करना।
पग की खातिर गर्दन देकर,
सरदारी रखनी पड़ती है।

दुश्मन रहम नहीं करता है,
ना बचने के मौके देता।
संगीनें ,नंगी तलवारें,
दो धारी रखनी पड़ती हैं

आने वाली हर पीढ़ी को,
राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाओ।
राह अंधेरी दीप जलाकर,
उजियारी रखनी पड़ती है।



संजीव शर्मा
पूर्व पार्षद गांधी नगर
गाज़ियाबाद
मोबाइल नंबर 9311559382

# 82.76 करोड़ के विकास प्रस्तावों को मंजूरी, पेयजल, सीवर, पार्क सौंदर्यकरण और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था से बदलेगी शहर की तस्वीर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित 15वें वित्त आयोग एवं अवस्थापना निधि की महत्वपूर्ण बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास को गति देने वाले 82 करोड़ 76 लाख रुपये के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इन प्रस्तावों के तहत पेयजलापूर्ति, सीवर लाइन, पार्कों के सौंदर्यकरण, हरित पट्टियों के विकास और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था से जुड़े व्यापक कार्य कराए जाएंगे। बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया, जिसमें साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ 43 लाख, मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में 18 करोड़ 9 लाख तथा शहर विधानसभा क्षेत्र में 30 करोड़ 63 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। महापौर ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से शहरवासियों को पेयजल, स्वच्छता, हरियाली और सुरक्षित प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर रूप में उपलब्ध होंगी। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि जलकल विभाग के माध्यम से शहर के विभिन्न वार्डों में 30 हॉर्सपावर के नए नलकूपों की स्थापना, पुराने नलकूपों का रिबोर, पम्प रूम का निर्माण, पेयजल पाइप लाइन बिछाने और हजारों नए जल कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके साथ ही कई इलाकों में पुरानी और क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को बदलकर गर्मी से पहले निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। सीवर व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न जोनों में नई सीवर लाइनों का निर्माण, हजारों घरेलू सीवर संयोजन, इंटरमीडिएट चैंबरों का निर्माण और सिटी फॉरेस्ट नाले को एसटीपी से जोड ? जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित कर जल संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उद्यान विभाग के अंतर्गत शहर के दर्जनों पार्कों, ग्रीन बेल्ट और प्रमुख स्थलों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। इनमें बायोडाइवर्सिटी पार्क के प्रवेश मार्ग का विकास, पार्कों में बॉउंड्री वॉल, फुटपाथ, प्लास्टर, रंगाई-पुताई और हरियाली बढ़ाने के कार्य शामिल हैं, जिससे शहर का पर्यावरण और सौंदर्य दोनों निखरेंगे। प्रकाश व्यवस्था के क्षेत्र में भी शहर को नई पहचान देने की योजना बनाई गई है। प्रमुख सड़कों, फ्लाईओवरों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर डेकोरेटिव पोल, एलईडी स्ट्रीट लाइट, फसाड लाइट और पार्क लाइटिंग की जाएगी। नगर निगम मुख्यालय में फसाड लाइटिंग और जनरेटर स्थापना का कार्य भी स्वीकृत हुआ है। महापौर ने स्पष्ट किया कि सभी विकास कार्य निविदा प्रक्रिया के उपरांत कराए जाएंगे और नगर आयुक्त के नेतृत्व में संबंधित विभागाध्यक्षों की निगरानी में समयबद्ध ढंग से पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं न केवल शहर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करेंगी, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत करेंगी। महापौर ने यह भी कहा कि विकास कार्यों का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचे, यही नगर निगम की प्राथमिकता है।



# 50 बसों का चालान, 42 सीज; 15 लाख का प्रशमन शुल्क लगाया गया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** परिवहन विभाग द्वारा यमुना एक्सप्रेस-वे पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के विरुद्ध देर रात कार्रवाई करते हुए 50 बसों का चालान किया गया, जबकि 42 बसों को निरुद्ध (सीज) कर दिया गया। यह प्रवर्तन कार्यवाही डॉ. सिया राम वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद के नेतृत्व में संभाग गाजियाबाद के प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा की गई। अभियान के दौरान बिना परमिट, बिना वैध दस्तावेज, ओवरलोडिंग, निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त सवारी उतारने-चढ़ाने और यातायात नियमों के उल्लंघन में संचालित बसों की गहन जांच की गई। जांच में केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम तथा उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाली बसों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 15 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क आरोपित किया गया। प्रवर्तन के दौरान निरुद्ध की गई 29 बसों को मोरना बस डिपो एवं 13 बसों को कासना बस डिपो में खड़ा कराया गया है। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अधिकारियों ने बस चालकों और परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने तथा केवल वैध प्रपत्रों के साथ ही वाहनों का संचालन करने के निर्देश दिए।

# यूजीसी के खिलाफ जिला मुख्यालय पर ब्राह्मण महासभा का प्रदर्शन. सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** यूजीसी के नए नियमों के विरोध में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के कार्यकताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। महासभा से जुड़े कार्यकर्ता जिला मुख्यालय के चैनल गेट पर एकत्र हुए और यूजीसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे काला कानून करार दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि यह नियम वापस नहीं लिया गया, तो इसका स्वर्ण वर्ग के छात्रों के भविष्य पर गंभीर और दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि यूजीसी के नए नियमों से भेदभाव की स्थिति और अधिक गहराएगी, जिससे सामाजिक संतुलन प्रभावित होगा। उनका कहना था कि यह नीति छात्रों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर रही है, जिससे शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो सकता है। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष पंडित जे.के. गौड़ ने कहा कि इस नीति के चलते स्वर्ण जाति के छात्रों में मानसिक दबाव, असुरक्षा और उत्पीड ? का भय बढ़ेगा।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक का गाजियाबाद में जश्न

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत करते हुए गुरुवार को संजय नगर सेक्टर-23 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में जश्न मनाया। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को सत्य, संविधान और भारतीय एकता की जीत बताया।

महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा 'हनुमान ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिक है और यह समाज में आपसी भाईचारे व एकता को मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं माना है कि यूजीसी प्रमोशन ऑफ इक्विटी रेग्युलेशंस-2026 के प्रावधानों में प्रथम दृष्टया अस्पष्टता है और इनके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बी.के. शर्मा हनुमान ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से इन नियमों को दोबारा ड्राफ्ट करने के निर्देश दिए हैं और तब तक के लिए इन पर रोक लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी ने इन नियमों के माध्यम से संविधान में निहित समानता और बराबरी के अधिकारों के विपरीत जाकर सामान्य वर्ग को दबाने और कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को पहले से ही दोषी मानते हुए बनाए गए प्रावधानों में उन्हें भेदभाव रोकने वाली समितियों में

# एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी ने किया कविनगर थाना में लंबित प्रकरणों के निस्तारण का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध (एडिशनल सीपी) केशव कुमार चौधरी ने गुरुवार को सर्किल कविनगर के थाना कविनगर का निरीक्षण कर लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण के लिए विशेष आदेश कक्ष का आयोजन किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने थाना परिसर, कार्यालय और अभिलेखों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया और थाने के सभी अधिकारी एवं कर्मियों को अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा और जनसेवा के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केशव कुमार चौधरी ने थाना परिसर में मिशन शक्ति केन्द्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएन कक्ष और मालखाना का जायजा लिया। उन्होंने महिला उत्पीड़न रजिस्टर और अन्य अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए और महिला संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर जोर दिया। चौधरी ने कहा कि महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी शिकायत को तात्कालिकता के साथ निस्तारित किया जाना चाहिए। हम अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे और पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने थाने के सभी विवेचकों को आदेश दिया कि छह महीने से अधिक लंबित विवेचनाओं का साक्ष्य संकलन तुरंत पूरा किया जाए और अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। सक्रिय गैंग और पुरस्कारित गैंगस्टरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने, गंभीर अपराधों जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरी और मादक पदार्थ तस्करी में अपराधियों की गिरफ्तारी तथा उनके खिलाफ संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि नए आपराधिक कानून के अनुसार साक्ष्यों को संकलित कर विवेचनाओं का समय से निस्तारण किया जाए।

# निगम मुख्यालय में पार्षदों के लिए तैयार हो रहा भव्य सदन कक्ष

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों और कार्यकारिणी सदस्यों के लिए आधुनिक और भव्य सदन कक्ष का जीर्णोद्धार तेजी से जारी है। शहर की जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बैठने की सुविधा, तकनीकी उपकरणों की आधुनिक व्यवस्था, एलईडी प्रेजेंटेशन वॉल, माइक और इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सदन कक्ष को पूरी तरह नए स्वरूप में तैयार किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गुरुवार को निर्माण विभाग की टीम के साथ जाकर कक्ष में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पार्षदों की बैठकों और नगर निगम की कार्यकारिणी बैठकों के लिए यह कक्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्माण टीम को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण किया जाए।

मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश कुमार भी मौजूद रहे। मुख्य अभियंता ने बताया कि कक्ष लंबे समय से जीर्ण स्थिति में था और पार्षदों के बैठने के साथ-साथ अधिकारियों, क्लर्क और मीडिया बंधुओं के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी। अब 100 पार्षदों के बैठने की व्यवस्था के साथ-साथ मीडिया और स्टाफ के लिए अलग स्थान बनाया जा रहा है। पुराने एसी, लाइट और इलेक्ट्रिक उपकरणों को बदलकर पूरी तरह नई वायरिंग और साउंड सिस्टम लगाई जा रही है। सदन कक्ष में प्रेजेंटेशन के लिए एलईडी वॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और कैमरा इंस्टॉलेशन का कार्य भी कराया जा रहा है। इससे पार्षदों और अधिकारियों को बैठक के दौरान बेहतर दृश्य और सुनवाई की सुविधा प्राप्त होगी। नगर आयुक्त ने कहा कि कार्यकारिणी कक्ष में भी मरम्मत और फर्नीचर बदलाव का कार्य किया जा रहा है, ताकि दोनों कक्ष बहुप्रयोजनीय उपयोग के लिए तैयार हो सकें। नगर आयुक्त ने बताया कि कक्ष के जीर्णोद्धार की मांग वर्षों से की जा रही थी। अब इसे पार्षदों की बैठकों और नगर निगम की कार्यकारिणी बैठकों के लिए पूरी तरह आधुनिक और भव्य बनाया जा रहा है।